आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 28 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-210 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

अगले साल से शुरू हो सकती है जनगणना

नई दिल्ली,28 अक्टूबर। केंद्र सरकार की ओर से जनगणना कराए जाने को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि देश में अगले साल से जनगणना शुरू हो सकती है। अगले साल 2025 से शुरू होकर 2026 तक जनगणना चलेगी। आपको बता दें कि कोरोना महामारी के चलते 2021 में की जाने. केंद्र सरकार की ओर से जनगणना कराए जाने को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि देश में अगले साल से जनगणना शुरू हो सकती है। अगले साल 2025 से शुरू होकर 2026 तक जनगणना चलेगी। आपको बता दें कि कोरोना महामारी के चलते 2021 में की जाने वाली जनगणना टालनी पड़ी थी।

यूरोपा क्लीपर अंतरिक्ष यान में भेजे गये जशपुर के 30 विद्यार्थियों के नाम

दिल्ली,28 अक्टूबर। अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा के द्वारा फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर यूरोपा क्लीपर नामक अंतरिक्ष यान बृहस्पति और उसके चंद्रमा यूरोपा के लिए रवाना हुआ। यह अंतरिक्ष यान पृथ्वी से परे जीवन की तलाश के लिए बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की बर्फीली परत के नीचे जमे हुए महासागर तल पर प्रकाश डालेगा।

बृहस्पति के 95 ज्ञात उपग्रहों में से एक यूरोपा के लिए जब इस अंतरिक्ष यान ने उड़ान भरी तो अपने साथ सिलिकॉन चिप में 26 लाख लोगों के सपनों को भी अपने साथ अंतरिक्ष में लेकर उड़ा। जहां यूरोपा क्लीपर में रखे सिलिकॉन चिप में 26 लाख लोगों के नामों के साथ जशपुर जिले के भी 30 बच्चों, शिक्षकों एवं जशपुर के निवर्तमान जिलाधीश डॉ. रवि मित्तल का नाम भी अपने साथ लेकर ऊँचाइयों को छूता गया।

आईएसआईएस ने तिरुपति के मंदिर को बम से उड़ाने की दी धमकी

हैदराबाद,28 अक्टूबर। तिरुपति के इस्कॉन मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी रविवार को ईमेल के जरिये मिली। मंदिर प्रशासन ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। मंदिर प्रशासन को आईएसआईएस आतंकवादी के नाम से धमकी दिया गया। सूचना मिलते ही तिरुपति पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और मंदिर की तलाशी ली। पुलिस ने विस्फोटकों की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया। हालांकि, मंदिर परिसर से कोई विस्फोटक या कोई अन्य आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। बता दें कि पिछले तीन दिनों में तिरुपति मंदिर को मिला यह चौथा फर्जी मेल है। इससे पहले के ईमेल में भी मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सर्कल इंस्पेक्टर श्रीनिवासुलु का कहना है कि धमकी देने वालों की पहचान करने के लिए जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि यह एक फर्जी मेल है। पिछले तीन दिनों में तिरुपति मंदिर को मिला यह चौथा फर्जी मेल है। इससे पहले शनिवार को दो होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

6 साल बाद एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी

रायपुर,28 अक्टूबर

एसआई भर्ती परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के खुशखबरी है. राज्य सरकार ने रिजल्ट जारी कर दिया है. बता दें कि 975 पदों के लिए 2018 में भर्ती परीक्षा ली गई थी, जिसका रिजल्ट जारी नहीं होने पर अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे थे. हाईकोर्ट ने 15 दिनों में रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था. 6 साल बाद अब जाकर रिजल्ट जारी हुआ है. बता दें, छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार के दौरान साल 2018 के अगस्त महीने में कुल 655 पदों के लिए एसआई भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी. इसमें सूबेदार, सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (विशेष शाखा) समेत कई अन्य पदों की भर्ती होनी थी. 2019 में सरकार बदल गई, लेकिन परीक्षा आयोजित नहीं हुई. इसके बाद राज्य की नई सरकार (कांग्रेस) ने साल 2021 के अक्टूबर में 975 पोस्ट के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया था. एसआई भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया जून 2022 में शुरू हुई और 8 सितंबर 2023 तक चली. इस दौरान शारीरिक नापजोख जून-जुलाई 2022 में हुआ, प्रारंभिक परीक्षा 29 जनवरी 2023 को आयोजित की गई, जबकि मुख्य परीक्षा 26 मई से 29 मई 2023 तक हुई. इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 से 30 जुलाई 2023 के बीच आयोजित की गई और अंत में इंटरव्यू 17 अगस्त से 8 सितंबर 2023 के बीच लिया गया. परीक्षा को पूरा हुए 1 साल से अधिक हो गया, इस बीच एक बार फिर सरकार बदल गई. 2023 में भाजपा ने फिर से सरकार बनाई, लेकिन परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुए. परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर अभ्यर्थी कई बार आंदोलन कर चुके थे. आमरण अनशन, मुंडन संस्कार, स्वच्छता अभियान और रक्तदान के जरिये अभ्यर्थी कई बार रिजल्ट की मांग कर चुके थे. कई बार गृहमंत्री के निवास के सामने भी धरना दे चुके थे. 29 जनवरी 2023 को प्रारंभिक परीक्षा के बाद 16 मई, 2023 को मुख्य परीक्षा के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी की गई, जिसमें 370 महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ. इस चयन के बाद, जो अभ्यर्थी मेरिट सूची में नहीं आए, उन्होंने हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था. याचिका में कहा गया कि 975 पदों में से 247 प्लाटून कमांडर के थे और मेरिट सूची में 20 गुना अभ्यर्थियों का होना आवश्यक था, जबकि सूची में 6,013 महिला उम्मीदवारों के नाम शामिल थे. इस पर याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति जताई. 20 मई, 2024 को बिलासपुर हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि प्लाटून कमांडर की भर्ती में महिलाओं को शामिल करना गलत था और उनकी जगह पुरुषों को शामिल करने का निर्देश दिया. हालांकि, कोर्ट के आदेश के पांच महीने बाद भी अंतिम परिणाम जारी नहीं हुआ, जिससे अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन और अनशन किया. अब जाकर 6 साल बाद राज्य सरकार ने एसआई भर्ती का रिजल्ट जारी किया है.

भारतीय सेना के बढ़ते पराक्रम से पाकिस्तान शर्मिंदा

नई दिल्ली,28 अक्टूबर। जल, थल, नभ में भारतीय सेना के बढ़ते पराक्रम ने पाकिस्तान को शर्मिंदा होने पर मजबूर कर दिया। भारत ने पिछले दिनों अपनी चौथी न्यूक्लियर सबमरीन को गुपचुप समुंदर में उतारा। लेकिन खबर तो बाहर आनी ही थी। लेकिन जब ये खबर पाकिस्तान पहुंची तो उसके पैर कांपने लगे। पाकिस्तान के पुराने नेवल ऑफिसर अब सोशल मीडिया पर ये मानने से गुरेज नहीं कर रहे कि भारत के आगे पाकिस्तान कुछ भी नहीं है। भारत की नेवी के आगे पाकिस्तान की नेवी कुछ भी नहीं है।

आईएनएस चक्र, आईएनएस अरिहंत, आईएनएन अरिघात और अब आईएनएस अरिधमन समुंदर में ये भारतीय नौसेना की छोटी सी ताकत है जिसने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के होश फाख्ता कर दिए। हालात ये है कि अब भारत की नौसेना की ताकत पर पाकिस्तान के पूर्व नौसेनिकों को सांप सूंध गया है। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि वो क्या बताए और क्या छुपाए। भारत ने पिछले हफ्ते चुपचाप अपनी चौथी परमाणु-संचालित हमलावर पनडुब्बी समुंदर में लॉन्च की थी। इसे भारतीय नौसेना की ताकत को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

वडोदरा में मोदी और स्पेनिश पीएम पेड्रो सांचेज का रोड शो

गांधीनगर,28 अक्टूबर। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भारत दौरे पर हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज वडोदरा में अगुवाई की। सबसे पहले पीएम मोदी और सांचेज ने वडोदरा एयरपोर्ट से टाटा के प्लांट तक करीब पौने तीन किमी का रोड शो किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किया। स्पेन के किसी पीएम का यह 18 साल बाद भारत दौरा है। इससे पहले जुलाई 2006 में स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री जोस लुइस ने भारत की यात्रा की थी। इस कार्यक्रम में में देश के 1500 उद्योगपतियों को भी आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन के मौके पर पीएम इन मेहमान कारोबारियों को संबोधित किया। कारोबारियों को संबोधित करने के बाद मोदी और सांचेज वडोदरा के शाही लक्ष्मी विलास पैलेस के यूजीन (कुलीन) हॉल में लंच करेंगे।

इजरायल-ईरान को युद्ध रोकने भारत की हिदायत

नई दिल्ली,28 अक्टूबर। ईरान पर इजरायल के ताबड़तोड़ हमले के बाद पूरी दुनिया से इसे लेकर प्रतिक्रिया आ रही है। मीडिल ईस्ट में इस्लामिक देशों ने ईरान का समर्थन करने का ऐलान कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका खुले तौर पर इजरायल का समर्थन कर रहा है और कह रहा है कि अगर ईरान ने इजरायल पर हमला किया तो अमेरिका उसके बचाव में आ जाएगा। इजरायल और अमेरिका मिलकर इस वक्त ईरान को तोड़ने में लगे हैं। इन सब के बीच टेंशन भारत को रही है। इस जंग में भारत की एंट्री भी हो गई है। इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग को देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से दोनों को हिदायत भी दी गई है। अपील की गई कि इस युद्ध को रोक दिया जाए।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसको लेकर रिएक्शन दिया। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि इस तनाव से क्षेत्र और स्थिरता पर असर पड़ रहा है। निश्चित तौर पर दुनिया में इजरायल और ईरान के बीच जंग के बाद से तनाव बढ़ चुका है। पहले रूस यूक्रेन और अब इजरायल और ईरान के बीच की जंग पूरी दुनिया के लिए एक खतरा पैदा कर रही है। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया है। उसके साथ ही बातचीत के रास्ते पर लौटने की अपील की है। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि इस संघर्ष से किसी का फायदा नहीं होने वाला है। इससे सिर्फ निर्दोष नागरिकों और बंधकों को ही नुकसान होगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा और क्षेत्र की शांति तथा स्थिरता पर इसके प्रभाव से बेहद चिंतित हैं। इसने कहा कि हम सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और वार्ता तथा कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान दोहराते हैं। क्षेत्र में जारी युद्ध किसी के लिए भी हितकारी नहीं है। इससे निर्दोष बंधकों और नागरिकों को लगातार कष्ट झेलना पड़ रहा है।

1 नवम्बर से बस्तर ओलम्पिक का आगाज़

बस्तर 28 अक्टूबर। 01 नवम्बर से बस्तर ओलम्पिक, 2024 का आगाज़्बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने गृह विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग का संयुक्त प्रयास, संभाग स्तरीय विजेता होंगे बस्तर के यूथ आइकॉन,नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित किये नक्सलियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने बस्तर ओलम्पिक का आयोजन होगा अब तक 1.5 लाख से अधिक युवाओं प्रतिभागियों ने कराया अपना पंजीयन। बस्तर की जनता का शासन से मजबूत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 11 खेल विधाओं के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

अखनूर में आतंकियों का सेना पर हमला

जम्मू,28 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाया और कई राउंड फायरिंग की। सुरक्षा बल फिलहाल बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हमले के दौरान एक आतंकी मारा गया है। आधिकारिक तौर पर पुष्टि होनी बाकी है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों ने सेना के काफिले पर हमला किया है। फायरिंग करने वाले दहशतगर्दों की संख्या तीन से चार बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आतंकी एक स्थानीय मंदिर के आसपास छिपे हो सकते हैं। हमले के बाद बड़ा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, आतंकी पहले मंदिर में घुस गए थे और एक मूर्ति को खंडित कर दिया। लेकिन वहां मौजूद लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाया। वहां से भागते वक्त आतंकियों ने सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग कर दी।जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम मिलकर तलाशी अभियान चला रही है। फिलहाल इलाके को घेर लिया गया है। जानकारी मिली है कि सोमवार सुबह करीब सात बजे यह हमला हुआ। अखनूर के बटाल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन से चार आतंकियों ने सेना के काफिले पर गोलीबारी की। जम्मू एसएसपी ने कहा कि माना जा रहा है कि तीन आतंकवादी जम्मू जिले के अखनूर के अस्सान मंदिर के पास देखे गए। उन्होंने सेना की एम्बुलेंस पर कुछ राउंड फायरिंग की। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

बीजेपी ने आरपीआई को नहीं दी एक भी सीट

मुंबई,28 अक्टूबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के अंतिम दिन करीब आ रहा है, लेकिन रामदास अठावले की पार्टी आरपीआई को महायुति से एक भी सीट नहीं मिली है. पार्टी प्रमुख रामदास अठावले ने इस बात को लेकर डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस से बातचीत की है और उन्हें एक पत्र भी भेजा है. रामदास अठावले रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का सदस्य हैं और केंद्र में मंत्री भी हैं, लेकिन महायुति द्वारा इस बार के चुनाव में आरपीआई को नजरअंदाज किए जाने से वह नाराज दिख रहे हैं.

शिक्षिका के घर से सोने-चांदी के जेवर उड़ा ले गए चोर

रायपुर,28 अक्टूबर। राजधानी रायपुर में एक महिला टीचर के घर चोरों ने धावा बोला और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए. टीचर रात में सोने के लिए अपने मां के घर गई थी. इस दौरान चोर ने सुने घर का फायदा उठाया. घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया है. यह मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है. प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी है. कबीर नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शिपनी गांगुली ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है. उन्होंने बताया है कि वह एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है. 26 अक्टूबर को रात 8 बजे वह अपनी मां के घर गई और फिर वही रुक गई. अगले दिन सुबह जब वापस लौटी तो घर के अलमारी और घर का दरवाजा टूटा हुआ था. चोर ने घर से एक सोने की चेन बैंगल, चांदी का नेकलेस सेट इयररिंग जैसे गहने चुरा लिए. इसके अलावा वह दूरबीन और डीएसएलआर कैमरे भी चोरी करके ले गया.

अवैध पटाखा दुकान में भीषण आग

हैदराबाद ,28 अक्टूबर। हैदराबाद की अवैध पटाखा दुकान में आग लगने के कारण लाखों का नुकसान हुआ है। राहत की बात ये रही कि अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय पुलिस ने बताया कि अवैध पटाखा दुकान में आग लगने की घटना सदर बाजार की है। हादसे में एक रेस्त्रां भी जलकर खाक हो गया। हादसे के बाद सामने आई तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। हैदराबाद के सदर बाजार में एक पटाखा दुकान में लगी भीषण आग के कारण लाखों का नुकसान हुआ है। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों में भयावह मंजर सामने आया है। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक दुकान अवैध थी। एक रेस्त्रां को भी नुकसान हुआ है। धमाके के समय मौके पर मौजूद 7-8 वाहन भी जलकर खाक हो गए। अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। हैदराबाद में दिवाली से ठीक पहले पटाखा दुकान में भीषण आग लगने के बाद भाजपा युवा मोर्चा के हैदराबाद इकाई के अध्यक्ष नितिन नंदिकर की तरफ से मिली वीडियो फुटेज समाचार एजेंसी एएनआई ने भी जारी की। मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच दमकल कर्मी भी नुकसान को रोकने की जद्दोजहद में जुटे दिखे। पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शी यादवगिरी ने बताया कि वे दिवाली से पहले अपने बेटे के साथ पटाखे खरीदने आए थे. दुकान के अंदर चिंगारी देखते ही हम बाहर कूद पड़े।

सूरजपुर डबल मर्डर : मुख्य आरोपी के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

सूरजपुर,28 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सूरजपुर डबल मर्डर मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की है. कुलदीप साहू के अवैध घरों को बुलडोजर चलाकर गिराया जा रहा है. इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद हैं. बता दें कि बीते 13 अक्टूबर को आरोपी कुलदीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रधान आरक्षक तालिब शेख की बेटी और पत्नी की नृशंस हत्या कर दी थी. इसके बाद सूरजपुर में बवाल मचा रहा और लोग आरोपी के घर को जमीदोज करने की मांग करने लगे थे. इसके बाद सूरजपुर नगर पालिका ने आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया था और आज तड़के सुबह नगर पालिका और जिला प्रशासन की टीम ने आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. कुलदीप एनएसयूआई का जिला सचिव और आदतन बदमाश है. आरोपी की गिरफ्तारी के चंद घंटे पूर्व ही एसपी सूरजपुर ने उस पर 10 हजार रुपए के इनाम की भी घोषणा की थी. कुलदीप साहू के पिता अशोक कुमार साहू निवासी बाजारपारा सूरजपुर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज है.

बिश्नोई गैंग ने सांसद पप्पू यादव को दी कच्चा चबा जाने की धमकी

पटना,28 अक्टूबर। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को हत्या की धमकी मिलने से बिहार पुलिस में हड़कंप मच गया है. लॉरेंस विश्नोई के गुर्गे ने पप्पू यादव को कच्चा चबा जाने की धमकी दी है. धमकी मिलने के बाद पप्पू यादव ने डीजीपी से इसकी शिकायत की है. इसके साथ पूर्णिया रेंज के आईजी को इसकी जानकारी दी है. गौरतलब है कि इसी गैंग ने कुछ दिनों पहले मुंबई में हुई एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के हत्या की जिम्मेदारी ली थी. वहीं, 'इस गैंग ने पप्पू यादव को भी जान से मारने की धमकी दी है. लॉरेंस के गुर्गों ने पप्पू यादव को फोन कर कहा कि, सांसद के सभी ठिकानों की जानकारी उसके भाई के पास है.

राजनेताओं से नियमित मुलाकात में प्रकरणों पर बात नहीं होती : सीजेआई

मुंबई,28 अक्टूबर। गणेश पूजा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के घर आने को लेकर उठे सवालों पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने काफी दिनों बाद जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकों में न्यायिक मामलों पर चर्चा नहीं की जाती। मुंबई में एक आयोजन के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसी मुलाकातों के मायने नहीं निकाले जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों के मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालयों के चीफ जस्टिस नियमित तौर पर मुलाकात करते हैं। उन्होंने कहा, %आखिर लोग इन बैठकों के बारें में क्यों सोचते हैं। हमारे देश की राजनीतिक व्यवस्था की यह परिपक्वता है कि राजनीतिक वर्ग में भी न्यायपालिका का सम्मान है। न्यायपालिका का बजट सरकार देती है, लेकिन यह जजों के लिए नहीं होता।% चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें कोर्ट के लिए नई इमारतों की जरूरत होती है। जिला अदालतों के जजों के लिए आवास की जरूरत होती है। इसलिए चीफ मिनिस्टर और हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस मिलते हैं। इस दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि मैंने तो इलाहाबाद हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम किया है। उन्होंने कहा, चीफ जस्टिस जब नियुक्त होते हैं तो

वह सीएम के आवास जाते हैं। इसके बाद चीफ मिनिस्टर मुख्य न्यायाधीश के घर आता है। इन मीटिंगों का एजेंडा तय होता है। इनमें यह बात होती है कि आखिर जो इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स तय हैं, उन पर क्या हो रहा है। कितना बजट है और क्या प्रोग्रेस है। क्या इसके लिए नहीं मिलना चाहिए। यदि ये काम लेटरों को लिखकर किया जाए तो फिर कोई चीज कभी पूरी नहीं होगी। चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत की राजनीतिक व्यवस्था में काफी परिपक्वता है। उन्होंने कहा कि मीटिंग में कभी कोई मुख्यमंत्री चीफ जस्टिस से किसी लंबित केस के बारे में नहीं पूछता। 14 अगस्त और 26 जनवरी को चीफ जस्टिस की मुख्यमंत्री से मुलाकात होती है। इसमें न्यायिक व्यवस्था पर कोई बात नहीं होती। इस पर लोग कहते हैं कि क्या डील हो रही है। यह तो सीधे-सीधे डायलॉग का हिस्सा है। दरअसल चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर आयोजित गणेश पूजा में पीएम नरेंद्र मोदी पहुंच गए थे, जिसे लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए थे। माना जा रहा है कि इसी को लेकर चीफ जस्टिस ने यह टिप्पणी की है। उद्धव सेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत का कहना था कि चीफ जस्टिस को अब हमारे केस से अलग हट जाना चाहिए। राउत ने कहा था, यह गणपति पूजा है। आखिर कितने लोगों के घरों पर पीएम मोदी जाते हैं? मुझे जानकारी नहीं है।

भैंसों के झुंड से बाइक टकराई, सड़क पर गिरे पति -पत्नी, ट्रक ने महिला को रौंदा,मौत

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई,28 अक्टूबर। जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां छुईखदान में आज सोमवार की दोपहर लगभग 12-00 बजे छुईखदान अंतर्गत ग्राम ओटेबंद निवासी परिवार मोटरसाइकिल से खैरागढ़ की तरफ जा रहा था, तभी उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्ष दर्शीयों ने बताया कि पुरुष और महिला की बाइक भैंसों के झुंड से टकरा गई, और बाइक में सवार पति चमरू जंघेल और पत्नी दुर्गा जंघेल सड़क पर गिर गए, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रक की चपेट में महिला आ गई, और कुचल जाने से महिला के शरीर के टुकड़े टुकड़े हो गए और महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है।

बच्चों को जहर देकर मां ने किया सेवन, तीनों की हालत गंभीर

बालोद,28 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के बालोद से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है, जहां मां ने अपने दो मासूम बच्चों को जहर पिलाकर खुद भी पी लिया. हालत गंभीर होने पर तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया. यह घटना अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के कुरदी गांव की है. मिली जानकारी के अनुसार छोटे बच्चों के विवाद में देरानी जेठानी का झगड़ा हो गया. इसके बाद गुस्से में आकर जेठानी डुमेंश्वरी साहू ने कीटनाशक की दवाई खरीदकर लाई, फिर अपने दो मासूम बच्चे हिमांसी 4 वर्ष और जागेन्द्र 7 वर्ष को कीटनाशक दवाई पिला दी और खुद भी कीटनाशक पी लिया. तीनों को परिवार के लोगों ने अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को राजनांदगांव रेफर कर दिया गया. अर्जुन्दा पुलिस जांच मामले की जांच में जुटी है.

एक नजर

बीजेपी संगठनात्मक चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति

कवर्धा, 28 अक्टूबर। जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने बताया की बीजेपी संगठनात्मक चुनाव में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति गई है । जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश सिंह और सह निर्वाचन अधिकारी संतोष पटेल और नितेश अग्रवाल की नियुक्ति की गई है ।

राइस मिल के संचालक आनंद चंद्रवंशी की सीएम से अपेक्षा

कवर्धा, 28 अक्टूबर। राइस मिल के संचालक आनंद चंद्रवंशी की सीएम विष्णुदेव साय से अपेक्षा है की कस्टम मिलिंग , धान परिवहन , चावल का तीन साल का बकाया राशि का भुगतान दिवाली में हो जाय । जिससे कि राइस मिल में काम करने वालों की भी अच्छे से दिवाली मने । आनंद चंद्रवंशी चिंतित दिखे ।

पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े का थैला लेकर ही करे मार्केटिंग , आशा ने की विनम्र अपील

कवर्धा, 28 अक्टूबर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति आशा श्याम तंबोली ने दिवाली की सभी लोगों को शुभकामनाए देते हुए विनम्र अपील की मार्केटिंग करते समय कपड़े का थैला में ही सामान ले ओर दुकानदार भी कपड़ा के थाली में ही सामान दे । क्योंकि झिल्ली से पर्यावरण भी प्रदूषित होती है और सड़को ओर नाली में प्लास्टिक का थैला या झिल्ली कही भी फेक देते है तो स्वच्छता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है ।

हैंडमेड डिजाइनर कैंडल व दीपावली डेकोरेशन प्रदर्शनी का आयोजन

भिलाई, 28 अक्टूबर। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद व एनसीसी एसडी कैडेटों के द्वारा अपने हाथ से बनाए गए डिजाइनर कैंडल व दीपावली डेकोरेशन के सामानों की चार दिवसीय प्रदर्शनी व विक्रय स्टाल महाविद्यालय में 23 से 26 अक्टूबर तक लगाया गया। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनय शर्मा व संकायाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ0 पी0 एस0 शर्मा ने किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि कैडेटों को व छात्रों को डिजाइनर विशेषज्ञ अदिति गुप्ता ने विगत तीन माह से प्रशिक्षण के साथ साथ कैंडल व डेकोरेशन समान के उत्पादन में लगातार सहयोग प्रदान कर रही है और उनके सहयोग से महाविद्यालय परिसर के बाहर भी इस प्रकार के प्रदर्शनी व विक्रय हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्पादन में सिंगराज, कैडेट विक्रम सरकार, पुष्पेंद्र व सचिन मुख्य सहयोगी हैं वहीं प्रदर्शनी व विक्रय में कैडेट नागेश्वर, हंसराज, भावेश,रोहन सिन्हा, भूपेश, अर्दिमी शरद बाबू व अजय कुमार प्रमुख सहयोगी हैं।

चंगोरी स्कूल में भोलाराम की कहानी बच्चों को सुनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन,28 अक्टूबर। शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी, संकुल केंद्र - बठेना, विकास खंड-पाटन, जिला-दुर्ग में बैगलेस डे पर शनिवार को भोला राम सिन्हा की कहानी,बड़े दाई, जो आकाशवाणी रायपुर से बच्चों का प्रसिध्द कार्यक्रम बालवाटिका में प्रसारण हुआ था, जिसको बालसभा में सभी बच्चों को विरेन्द्र कुमार साहू प्रधान पाठक द्वारा साउंड सिस्टम लगाकर सुनाई गई। सभी बच्चे इस कहानी को सुनकर गदगद हो गये, इस कहानी में बड़े दाई ने मालती को सीख देती है कि अपने घर में जो भी खाने के लिए मिले उसी में संतुष्ट रहना चाहिए। दूसरे घर के खीर - तसमई से अपने घर की रुखी-सुखी रोटी मूल्यवान होती है। आगे और सीख देती है। आवत ही हरषै नहीं, नैनन नहीं सनेह, तुलसी तहां न जाइये कंचन बरसै मेह। नवाचारी शिक्षक विरेन्द्र कुमार साहू ने बच्चों को कहानीकार सिन्हा के बारे में बाताया कि उनकी कहानी छेरछेरा को समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन व अंतरराष्ट्रीय संस्था रूम टू रीड इंडिया,द्वारा चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है।इस कहानी को निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ के सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी जाएगी। प्रधानपाठक प्रत्येक शनिवार को प्रेरणा गीत,सरस्वती वंदना, नई नई कहानी के द्वारा शिक्षा देना, बच्चों को कहानी लिखने के लिए प्रेरित करना, चित्रकारी, गीत कविता एवं मिट्टी के द्वारा खिलौने बनाने मूर्ति बनाना आदि सिखाया जाता है। विरेन्द्र कुमार साहू स्वयं कवि है इस नाते साहित्य में गहरी रुचि रखते है। इसी का परिणाम है कि वह शनिवार को भोलाराम सिन्हा की कहानी बच्चों को सुनाई। इस अवसर पर शाला के शिक्षक प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू, योगेश्वरी वर्मा सहायक शिक्षक दीपिका बंदे, ने बच्चों के साथ कहानी सुनी तथा कहानी में आए शब्द पठेरा, पिढ़ा, ढेकी, सुपा, निसेनी, कोठी, पेज के साथ -साथ इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है इस पर बच्चों से चर्चा की।

विधायक रिकेश सेन बने जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

भिलाई, 28 अक्टूबर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन दुर्ग का अध्यक्ष चुना गया है। प्रदेश ओलंपिक संघ से एफिलिएटेड डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स संघ दुर्ग का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सभी सदस्यों ने अध्यक्ष के रूप में विधायक रिकेश सेन को एसोसिएशन की कमान सौंपी है। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन दुर्ग की नई कार्यकारिणी में विधायक रिकेश सेन अध्यक्ष, आर सुनील कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विश्वदीप नायर, दामोदरन उपाध्यक्ष, जी रवि राजा सचिव, विद्या सिंह सहसचिव, श्रीमती सुषमा नारायण कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य किशन कुमार साहू बनाए गए हैं। विधायक सेन ने कहा कि जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष चुने जाने के बाद उनका प्रयास होगा कि संघ को और बेहतर किया जाए, जिले भर के युवा खिलाड़ियों और खेल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़े, इस तरफ ठोस प्रयास होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन खेलो इंडिया में आप देखेंगे कि लगातार पूरे भारत देश में पहले सिल्वर मेडल, गोल्ड मेडल नहीं मिल पाता था लेकिन उनके अथक प्रयासों से खेल को विशेषताएं दी गई हैं, महत्व दिया गया। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष के रूप में उनकी कोशिश होगी कि बच्चे वीडियो गेम और मोबाइल तक सीमित न रह कर एथलेटिक से जुड़ें। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन से बालकदास, विनोद नायर, उमेश निर्मलकर, कु. पायल, निरुपम तालुकदार मौजूद रहे।

अलका लांबा ने पूर्व विधायक ममता चंद्राकर को किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 28 अक्टूबर। गत दिवस अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित नारी न्याय सम्मान समारोह दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा पूरे देश में महिला सदस्यता अभियान चलाया जिसमें पंडरिया विधानसभा के पूर्व विधायक ममता चंद्राकर जी पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे सर्वाधिक पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत 1146 सदस्यता ग्रहण कराया ओ स्वयं अपने विधानसभा के कई गांव में जाकर सदस्यता ग्रहण दिलाई सभी प्रदेश से उन महिलाओं को बुलाया गया था जो अपने राज्य में सर्वाधिक सदस्यता दिलाया था ममता चंद्राकर जी के कार्य और उनके कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए ममता चंद्राकर जी को नारी न्याय सम्मान समारोह दिल्ली के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया जो पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के महिलाओं के लिए सम्मान की बात है तो वहीं पे ममता चंद्राकर ने यह सम्मान अखिल भारतीय कांग्रेस के सीनियर नेता सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लंबा,प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस फूलों देवी नेताम के साथ कवर्धा जिला व पंडरिया विधानसभा के महिलाओं को दिया जिन्होंने उनके साथ जुड़ कर सदस्यता अभियान चलाया और उनके प्रति आभार प्रकट किया।

सहकारिता का संदेश पहुंचाने समिति गठित

भिलाई, 28 अक्टूबर। सहकार भारती प्रदेश की प्रांतीय समीक्षा बैठक रायपुर में संपन्न हुयी। शुभारंभ सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव ईनामदार एवं भारत माता के तेल चित्र पर पुष्पहार और दीप प्रज्वलित करके किया गया। आगामी वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है जिसके निमित्त सहकार भारती प्रदेश द्वारा सहकारिता के संदेश को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए एक प्रांतीय आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमे रामकृष्ण मिशन विवेकानंद भाव धारा के वरिष्ठ सन्यासी स्वामी तन्मयनंद को इस आयोजन समिति का संरक्षक बनाया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी, करुणानिधि यादव, हेमंत पांडे, कांति वर्मा, सतेंद्र सिंह, नरेंद्र साहू, चंद्र मणि साहू, दीपक मिश्रा सहित अन्य सभी सहकार भारती के आयाम के प्रकोष्ठों से भी रखा गया। किशोर साहू को पूर्ण कालीका सदस्य बनाया गया। सहकार भारती प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने बताया कि यह वर्ष जिसमें सहकारिता को समाज में और कैसे प्रभावी ढंग से कार्य करके किया जाए इसके लिए सहकारिता कार्य करता का निर्माण, सदस्यता अभियान, संपर्क, प्रवास के साथ-साथ अभ्यास वर्ग, कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम भी किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री करुणा निधि ने कहा कि सहकारिता की शुद्धि ,वृद्धि करना सहकारिता में पारदर्शी वातावरण तैयार करना ही सहकार भारती का प्रमुख कार्य है। अंत में प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा एवं स्वामी शास्कानंद के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रांतीय संगठन प्रमुख हेमंत पांडे ने सहकार भारती संघटन की विधिवत पृष्ठभूमि पर चर्चा कर सभी आयामों पर विधिवत बताया। आभार प्रदर्शन डॉक्टर अमित सिन्हा ने किया। बैठक में सतेंद्र सिंह, दीपक मिश्रा, ललन यादव, विनायक पांडे, डॉक्टर चंद्र मणि साहू, राकेश शुक्ला, किशोर साहू, नरोत्तम साहू, गिरधर सोनी, कांति वर्मा, हेमंत पांडे, ईश्वरी साहू, संजय वस्त्र कार, रामसुचित हिरेंद्र साहू, मिश्रा, राजेश द्विवेदी, ईश्वरी सिन्हा, अवधेश दुबे, हरेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, दुर्गेश पाणिग्रही, मंजूषा तिवारी, जया रेड्डी, चंद्र किरण मिश्रा, प्रिया सिंह, नीलकंठ साहू, राम गुलाल साहू, रुद्र प्रकाश साहू, राम शुक्ला, नरसिंह चोरमार, गोविन्द नारायण सिंह, रोहित सिन्हा, नरेंद्र यादव, तोमन साहू वेदराम साहू उपस्थित थे ।

करंट लगने से महिला की मौत

भिलाई, 28 अक्टूबर। भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई निवासी 32 वर्षीय सुनीति निषाद की करंट लगने से मौत हो गई वह घर की सफाई कर रही थी इसी दौरान कूलर साफ करने गई और उसमें प्रवाहित करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई उतई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है ।

एक्टिवा सवारों ने मोबाइल छीना

भिलाई, 28 अक्टूबर। भिलाई राजीव नगर सुपेला निवासी सन्नी साव स्मृति नगर के एक होटल में वेटर का काम करता है वह देर रात दो बजे ड्यूटी से छूटा और अपनी साइकिल से घर जा रहा था रात में करीब ढाई बजे सुपेला के यूनियन बैंक के सामने पहुंचा था तभी एक्टिवा सवार तीनों आरोपित उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए>

स्वच्छता

कवर्धा। डिप्टी सीएम आफिस में दिखी बेहतर स्वच्छता और लोग आवेदन लेकर पहुंचते दिखे

चोरी का माल खपाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दुर्ग, 28 अक्टूबर। दुर्ग डकैती और एनएसपीसीएल कालानी में चोरी का माल खपाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुर्ग पुलिस 120 दिनों तक म.प्र.में कैं प लगाकर माल खपाने वालों की पृष्ठभूमि खंगालने के बाद पुलिस किराएदार बनकर कि राए का मकान खोजने के बहाने इंदौर में दबिश देकर माल खपाने वाले आरोपी राजेन्द्र कटार (22 साल) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सोने के सिल्ली 600 ग्राम,चांदी 340 ग्राम और सोने-चांदी के गलाने व तौलने का मशीन बरामद किया है। पुलिस ने पूर्व में प्रकरण के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है एसपी ने टीम को 10 हजार रुपए की इनाम देने की घोषणा की है दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 7 से 8 जून की रात आरोपियों ने एनएसपीसीएल कॉलोनी में चोरी और अंजोरी चौकी अंतर्गत रसमड़ा निवासी दिलीप टिंबर के डकैती की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआईटी का गठन किया। इसके बाद जांच के दौरान वारदात में शामिल आरोपियों के मध्यप्रदेश के धार से होने का सुराग

मिला। इसके बाद एसीसीयू व अंजोरा की टीम को धार-झाबुआ, अलीराजपुर (म.प्र) में कैंप कराया गया, जिनके द्वारा डकैती की मशरूका को खरीदने वाले कपिल जैन एवं प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी दीपक सेंगर, अनिल चौहान, अनिल बघेल, गणपत डावर के संबंध में पतासाजी किया जा रहा था कि सूत्रों से टीम को खबर मिली की कपिल जैन के लिए चोरी डकैती से प्राप्त होने वाले सोने चांदी के जेवरातों को आरोपियों से प्राप्त कर कपिल जैन तक पहुंचाने का काम करने वाले आशीष पटलिया के संबंध में छानबीन की। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि वर्तमान में गुरूनानक कालोनी राजाबाग इंदौर में छुपकर रह रहा है दुर्ग पुलिस ने ऐसा जाल बिछाकर आरोपी को दबोचा दुर्ग एसपी ने बताया कि इसके बाद टीम तस्दीक करने स्वयं किरायेदार बन कर क्षेत्र में किराए का मकान खोजने के बहाने आरोपी के ठिकाने का पता लगाया। इस पर तत्काल डीएसपी क्राइम हेम ह्लनायक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी अंजोरा एवं एससीसीयू की एक और टीम इंदौर रवाना हुई, लेकिन आरोपी आशीष पटलिया रेड के पूर्व ही फरार हो गया। लेकिन उसका सहयोगी राजेन्द्र कटार मौके पर मिला। पूछताछ में आशीष पटलिया को कपिल जैन के एजेंट का कार्य करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी राजेंद्र ने बताया कि कपिल जैन के कहने पर भंगुडावर, जगदीश मोहनिया, भूरसिंह दीपक सेंगर, अनिल चौहान, अनिल बघेल, गणपतडावर व अन्य लोगों द्वारा चोरी लूट डकैती कर लाए सोने-चांदी के जेवरों को उनके गांवों से लेकर आया था। कपिल जैन के कहने पर गहनों को गलाकर उसकी सिल्ली बनाई इसके लिए उसे पारिश्रमिक के रूप में प्रतिदिन के हिसाब से 500 रूपए देना बताया है। प्रकरण में आरोपी राजेंद्र की निशानदेही पर पुलिस ने आशीष पटलिया के छुपने वाले संभावित ठिकाने पर रेड मारी। इस दौरान टीम उसके घर ग्राम अमझेरा जिला धार भी पहुंची। लेकिन आरोपी वहां से भी फरार हो गया

नई दिल्ली में अपने सुरों का जादू जगाएंगे परनराज

भिलाई, 28 अक्टूबर। इस्पात नगरी में पले-बढ़े और इन दिनों अपनी गायकी से देश भर में सुरों का जादू जगा रहे युवा गायक परनराज भाटिया नई दिल्ली में प्रस्तुति देने जा रहे हैं। 2 नवंबर शनिवार को वे इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में विशेष कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। जहां अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू (हिंद) की तरफ से प्रशासनिक अधिकारी और शायर विनोद कुमार त्रिपाठी 'बशर' की किताब का विमोचन और उनकी शायरी पर सांगीतिक प्रस्तुति होगी। इस दौरान परनराज यहां उपस्थिति विशिष्ट जनों को 'बशर' की चुनिंदा गजलें सुनाएंगे।खास बात यह है कि परनराज ने इन गजलों को खुद स्वरबद्ध भी किया है।

नोडल प्रभारी ने सोमनी में अप्रैल से प्रसव न होने पर जताई नाराजगी

भिलाई, 28 अक्टूबर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के स्वास्थ्य महकमा की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल प्रभारी डा अर्चना चौहान ने लिया उन्होंने सभी गर्भवती माताओं की लाइन लिस्टिंग करने एंव सुरक्षित प्रसव कराने कड़े निर्देश दिए हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर सोमनी में अप्रैल से अब तक एक भी प्रसव नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए इस माह कम से कम 3 समान्य प्रसव कराने कड़े निर्देश दिए हैं उच्च ख़तरे वाली सभी गर्भवती माताओं की पहचान कर उनका प्रसव समीप के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ओर जिला चिकित्सालय दुर्ग में कराने बर्थ प्लान तैयार कर ट्रेकिंग

करने सभी हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर को निर्देश दिए हैं उन्होंने साफ़ शब्दों में कहा कि किसी भी गर्भवती माता की मृत्यु नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए प्रोटोकॉल का पूरा पालन सुनिश्चित किया जाए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में औसत 17 से 20डिलीवर प्रति माह होने पर उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य शर्मा सहित स्टाफ को इसके लिए बधाई देते हुए कहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इतना समान्य प्रसव बड़ी उपलब्धि है अप्रैल से अब तक 117 समान्य प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में हो चुका है बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 सेक्टर के अन्य हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर सिरसा कला में 7 चरोदा में 4 पचपेड़ी में 2 कुगदा 1 समान्य प्रसव हुआ है परिवार नियोजन कार्यक्रम में अस्थाई साधन अंतरा इंजेक्शन कापर टी माला एन ओर ओरल पिल्स के हितग्राहियों को बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार करने निर्देश दिए डा अर्चना चौहान ने इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों ओर इलाज कराने आए मरीजों से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने में मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी लिया सोमनी से आई गर्भवती माता से चर्चा किया लैब टैक्नीशियन कु आलिया खातून से टी बी मरीजों की बलगम जांच, रिपोर्ट व स्थिति पुछी वहीं फार्मासिस्ट स्मिता बागडे से स्टाक रजिस्टर दवाओ की आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दवाओं के मांग पत्र भेजकर समय पूर्व उपलब्ध करने निर्देश दिए हैं इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य शर्मा,बी ई ईटीओ सैय्यद असलम एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास पी

ललित चंद्राकर ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ पुरई में सुनी मन की बात

उतई, 28 अक्टूबर। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को ग्राम पुरई में बूथ 127 नम्बर वार्ड 16 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना । 27 अक्टूबर 2024 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। बता दें कि मन की बात का यह 115वां एपिसोड है ।

डिजिटल अरेस्ट, गेमिंग और फिटनेस ये हैं पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम की खास बातें रही मन की बात कार्यक्रम में आज पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट का जिक्र किया। ये मुद्दा पिछले कई

दिनों से देश में सुर्खियां बटोर रहा था। इसी पर बात करते हुए पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी बात रखी। पीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड से सावधान रहने की जरूरत है। डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने ये भी बताया कि फ्रॉड कॉल आए तो सबसे पहले 'रूके, सोचें और फिर ऐक्शन' लें। डिजिटल अरेस्ट सिर्फ झूठ और फ्रॉड है। क्योंकि कोई भी जांच एजेंसी वीडियो कॉल नहीं करती

डिजिटल अरेस्ट पर कैसे करें बचाव -पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट से बचाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी इस तरह कोई कॉल आए तो सबसे पहले रुको, सोचो और फिर एक्शन लो, जल्दबाजी में कोई भी कदम नहीं उठाना है। दूसरी बात सोचो की कैसे कोई एजेंसी आपसे इस तरह से पूछताछ कर सकती है। वीडियो कॉल पर धमकी दे सकती है। जब कभी भी ऐसा हो तो सबसे पहले स्क्रीनशॉट लें और हो सके तो रिकॉर्ड भी करें। इसकी कंप्लेंट आप 1930 पर डायल करके भी कर सकते हैं। इसके अलावा ष्ड्ढद्गह्म्-ष्ह्लद्बद्गद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ पर भी अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से शीतल ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत रूपेश पारख, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, प्रशांति ठाकुर, छबिलाल साहू, संतु कुमार, सुखित यादव, लोकनाथ साहू, नोहर साहू थालेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू यादराम यादव रामेश्वर यादव चेतन साहू गजेंद्र साहू उदय राम साहू चमन पटेल हेमलता साहू सावित्री साहू, रुक्मणी साहू तोमीन साहू, सरिता शर्मा,श्यामा साहू ,प्रमिला साहू, सुनीता साहू, मणि राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

एक नजर

18 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा तथा श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 26.10.24 को जरिये मुखबीर सूचना मिला की ग्राम डीला पहरी के वस्त्र भंडार मे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर हमराह स्टॉफ एवं गवाह मय शासकीय वाहन के रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया आरोपी नितेश उर्फ़ नीतू वर्मा के कब्जे से 18 पौवा अंग्रेजी शराब मात्रा 3.240 बल्क लीटर कीमती 2340 रुपया एवं बिक्री रकम 230 रुपया बरामद कर आरोपी नितेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर ज़मानत मुचलका पर रिहा किया गया आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ं) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि चंपेश ठाकुर,प्र.आर. 232 भूपेंद्र देशमुख आर. 1055 खिलेश्वर जंघेल चालक आर. 1316 अजय जोशी की सराहनीय भूमिका रही।

निर्दोष को फंसा आरोपी को बचाने की कोशिश तेज

डोंगरगढ़ 28 अक्टूबर। नामजद रिपोर्ट होने के बाद भी एकाएक आरोपी का बदल जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े होते लगे है. अभी तक पिक्चर की स्टोरी में इस प्रकार की कार्यवाही देखने व सुनने को मिलता था कि प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में आकर पुलिस रातों रात आरोपी बदल देते थे. यह परिकल्पना डोंगरगढ़ की पुलिस के द्वारा सामने आने के बाद वार्डवासियो से नगरवासियो में जनचर्चा का विषय बन गया है. प्रार्थी के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के समीप देवेंद्र साखरे के नाम से शिकायत की गई थी परंतु पुलिस के द्वारा जिस आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है उसका नाम रविंद्र साखरे बताया जा रहा है जो मानसिक व दैहिक रूप से विकलांग बताया जाता है, साथ ही साथ शिक्षा के नाम पर अनपढ़ है, जो व्यक्ति अपना नाम सही से नहीं लिख सकता यैसे व्यक्ति इतने बड़े रैकेट का संचालन किस प्रकार कर सकता है यह बात किसी के गले नहीं उतर रही तो दूसरी ओर पुलिस की कार्यवाही से प्रार्थी भी असन्तुष्ट हैं. वहीं दूसरी तरफ पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया कि गया है कि प्रार्थी जतीन मिरानी पिता प्रदीप मिरानी निवासी मणीलाल दयाल जी एण्ड कंपनी निर्मित गोला बिड़ी वर्क्स सदर बाजार धमतरी (छ0ग0) ने आज दिनांक- 26.10.2024 को थाना डोंगरगढ़ में शिकायत किया की दंतेश्वरी पारा में हमारे कंपनी के अनुरूप अवैध रूप से डुप्लीकेट बिड़ी का पैकेट तैयार कर विक्रय किया जा रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा दंतेश्वरी पारा में रेड कार्यवाही कर आरोपी रविन्द्र साकरे पिता गैंदलाल सांकरे उम्र- 42 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड न0- 02 डोंगरगढ़ के पास से 01. गोला बिड़ी का रैपर लगा हुआ 687 कट्टा बिड़ी, 02. गोला बिड़ी बिना लेबल लगे 20 कट्टा, 03. गोला बिड़ी का रैपर कागज का 150 नग, 04. मनोहर बिड़ी लेबल लगा हुआ- 07 कट्टा, 05. मनोहर बिड़ी बिना लेबल लगा हुआ- 20 कट्टा, 06.मनोहर बिड़ी का कागज का बड़ा पुड़ा का रैपर- 2500 नग, 07. मनोहर बिड़ी का लैबल 48 बंडल प्रत्येक बंडल में 500 नग लेबल, 08. मनोहर बिड़ी का कागज का छोटा रैपर 500 नग, 09. 345 बादशाही बिड़ी का लैबल 300 नग, 10. 345 बादशाही बिड़ी का पुड़ा रैपर 200 नग एवं 11. मनोहर बिड़ी का होलो ग्राम 4 पन्ना प्रत्येक पन्ना में 42-42 नग जप्त किया गया। आरोपी रविन्द्र साखरे से पुछताछ करने पर कोई वैध कागजात का नहीं होना एवं स्थानीय जगहों से बिड़ी खरीद कर उसे पैक कर बाजार में बिक्री करना बताने पर आरोपी के द्वारा धारा- 318(4) बीएनएस एवं कॉपी राईट अधि0- 1999 की धारा- 63 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की इस कार्यवाही यक्ष प्रश्न सा बन गया है जो प्रदेश के मुखिया से लेकर न्याय देने वाले न्यायधीश व विधि विशेषज्ञ के लिए यह पूरा मामला जांच का विषय बन गया है।

सड़क चौड़ीकरण में हुई अनियमितता के चलते हो रहे हादसे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 28 अक्टूबर। सड़क चौड़ी करण नाम सुनते ही नगर विकास कि बाते ध्यान मे आती है मगर डोंगरगांव मे सड़क चौड़ी करण का अभिप्राय ही मौत है। सड़क चौड़ी करण शुरू से ही विवाद मे रही जहा एक ओर बार बार ठेकेदार बदले गये वही निर्माण और गुणवत्ता तो देखते ही बनती है। सड़क चौड़ी करण शुरू होने के बाद से ही दुर्घटनाओ का दौर भी शुरू हो गया। कई ऐसी घटनाये हुई जिसमे लोगो को थोड़ी से लेकर प्राणघाती चोटे पहुंची है। सड़क चौड़ी करण ठेकेदार कि लापरवाही के चलते यह लोगो के लिए धूल का गुबार और दुर्घटना का प्रोजेक्ट बन गया है विधायक के प्रोजेक्ट पास कराने के बाद से ही अगर प्रशासन ने इस पर ध्यान दिया होता तो ऐसे कई हादसे टल जाते जो कि अधूरे निर्माण कि वजह से हो रहे है । एक ऐसा ही हादसा 24 अक्टूबर गुरूवार कि रात्रि लगभग 10:30 के आसपास नगर के ही विदेशी मदिरा दूकान मे काम करने वाले युवक गणपत यादव पिता उभे राम यादव उम्र 37 वर्ष निवासी किल्लापारा डोंगरगांव जो कि रात्रि मे काम पूर्ण कर अपनी मोटर साइकिल से घर कि ओर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही बड़ी गाडी के तेज़ रौशनी आँखों मे पड़ने से शुरवाती डिवाइडर के पास डिवाइडर मे जा घुसा जिससे युवक को सर, हाथ मुँह एवं पैर मे गंभीर चोटे आयी। जिसे आनन फ़ानन मे आसपास के लोगो द्वारा डोंगरगांव अस्पताल पहुंचाया गया।जिसे प्राथमिक उपचार पश्चात राजनांदगाव मेडिकल कॉलेज रेफेर किया गया।

रौशनी कि कमी बन रहा हादसों का करण : करोड़ों के लागत से बन रहे नगर के सड़क चौड़ी करण जो कि डोंगरगांव के तिगाला पेट्रोल पंप से लेकर गांधी पेट्रोल पंप के थोड़ा आगे तक बनना था जिसका काम सालो से अधूरा है। साथ ही इस नये बन रहे डिवाइडर पर ना शुरुवात ना ही अंत मे लाइट कि व्यवस्था है साथ ही अचानक से डिवाइडर शुरू होने कि वजह से लोगो को साइड का पता नहीं चल पाता है जिससे अब तक कई हादसे हो चुकी है जिसमे कुछ को मामूली तो कुछ को गंभीर चोट तक आई है।

ठेकेदार को प्राप्त संरक्षण : सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को अधूरे काम, लाइट कि कमी, घटिया निर्माण, घटिया क्वालिटी, के बारे मे कई बार ध्यान देने को कहा गया मगर इन सभी बातो के बारे मे ना ही ठेकेदार ना ही शासन प्रशासन किसी ने ध्यान नहीं दिया आये दिन हादसों कि खबर दैनिक समाचार के माध्यम से प्रकाशित किया जा रहा है मगर हर बार अधिकारियो द्वारा इन सभी बातो को अनदेखा कर दिया जाता है जिससे मामला ठंडे बास्ते मे चला जाता है। अब तक हादसे के शिकार या तो बाहर से आने वाले लोग जो जगह से अनजान है या गरीब तबके के लोग हुए है जिनके हादसों मे घायल हो जाने या मौत हो जाने से शासन प्रशासन पर कोई दबाव नहीं बनेगा, वंही दूसरी ओर किसी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी या किसी राजनैतिक दल से जुड़े किसी खास के साथ ये हादसे हो जाते है तो सभी हरकत मे आ जायेंगे।

कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया: सड़क चौड़ी करण मे हुई अनियमितताओं के चलते नगर के बड़ी राजनैतिक दलों ने धरना प्रदर्शन भी किया मगर ये धरना प्रदर्शन भी धरा का धरा रह गया और कोई भी सुधार नहीं हो पाया।

रेवाडीह में निर्मित उराव समाज के सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। वार्ड विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 22 रेवाडीह में महापौर निधि अंतर्गत 05 लाख रूपये की लागत से उराव समाज के लिये भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि उराव समाज की मांग पर महापौर निधि से भवन का निर्माण किया गया, भवन बनने से अब विभिन्न आयोजन समाज के द्वारा स्वयं के भवन में किया जावेगा। उन्होंने कहा कि उराव समाज बहुत अच्छा समाज है, अधिकांश लोगों को इस समाज के बारे में जानकारी नहीं होगी। मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस समाज से जुडने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भवन के शेष कार्य किचन, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य कार्य के लिये आप समाज की तरफ से मांग करे, जिसकी स्वीकृति के लिये शासन को भेजा जायेगा। समाज इसी तरह उत्रोत्तर प्रगति करे, यही भगवान से कामना करती हूँ और आप लोगों ने जो सम्मान दिया उसके लिये समाज का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। लोकार्पण के पूर्व महापौर का उराव समाज के अध्यक्ष श्री ओस्कर बड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती अजीता केरकेट्टा, सचिव अंजना मंज, कोषाध्यक्ष सरिता तिर्की ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर ने विधिवत भवन का लोकार्पण किया। समाज के पदाधिकारियों ने महापौर का साल श्रीफल से सम्मान भी किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

जनता कालोनी में कम पानी आने की शिकायत के बाद आयुक्त सुबह पहुंचे अधिकारियों के साथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। लखोली के कई क्षेत्रों में पानी नही आने व कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही थी, जिसका निरीक्षण करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह अधिकारियों के साथ कंचनबाग, जनता कालोनी में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो पानी सप्लाई के संबंध में चर्चा किये तथा अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये। लखोली क्षेत्र के जनता कालोनी तथा आस पास कम पानी आने की प्राप्त शिकायत के आधार पर आयुक् श्री गुप्ता ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से जानकारी ली, लोगों ने कहा कि जनता कालोनी ठीक से पानी नहीं आ रहा है, आयुक्त ने उनकी बातों को सुन, पार्षद श्री मनीष साहू व श्री गप्पू सोनकर से चर्चा कर कंचन बाग टंकी का निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि पानी नही आने व कम आने के कारणों की जॉच करे, टंकी पूरी भरने के पश्चात पानी सप्लाई करे, वाल्वमेन को चेतावनी देने कहा। उन्होंने कहा कि जिन जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, वहॉ पाईप लाईन की जॉच कर निराकरण करे। उन्होंने टाका घर पहुच जल विभाग सहित मोटर विद्युत के कर्मचारियों की जानकारी ली तथा प्रभारी से कहा कि सभी कर्मचारी समय में उपस्थित होकर फिल्ड में जावे और शिकायतो का प्राथमिकता से निराकरण करे। आयुक्त ने लखोली क्षेत्र में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में संक्रामक बिमारी फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुये पर्याप्त साफ सफाई कराया जावे, दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और निर्धारित समय तक साफ सफाई करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू सहित जल व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 31 अक्टूबर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह सितम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 22 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 28 अक्टूबर को झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में, राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगनबाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास में एवं गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में तथा 29 अक्टूबर को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेन्ड्री स्कूल में, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेन्ड्री में, रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में, महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंजपारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह सितम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है।

समाचार संक्षेप

स्वच्छता के प्रति जनसमुदाय को किया गया जागरूक

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को आयोजित किये जा रहे स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा अवलोकन किया गया। व्यवहार परिवर्तन प्रमुख यूनिसेफ के श्री डेनिस, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के श्रीमती लोपामुद्रा, एसबीसी स्पेशलिस्ट श्री अभिषेक सिंह ने स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों को देखा। स्वच्छता त्यौहार के तहत स्कूली बच्चों एवं युवोदय वॉलिंटियर्स के द्वारा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक प्रतिबंध, यूजर चार्ज, ग्रे वॉटर प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए जनसमुदाय को प्रोत्साहित एवं जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसके माध्यम से स्वच्छता के कार्यों को गति मिली है और जनसामान्य में स्वच्छता के लिए जागृति भी आ रही है।इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत राजनांदगाव के जिला समन्वयक छोटेलाल साहू द्वारा जिले में चल रही गतिविधि एवं कार्ययोजना तथा प्रत्येक शनिवार को अलग अलग थीम पर किए जा रहे स्वच्छता त्यौहार की गतिविधि जैसे ग्राम के सभी स्थानों की साफ सफाई, बॉटल ब्रिक्स, कचरा संग्रहण, दुकानदारों के साथ अनुबंध, यूजर चार्ज, घरेलू स्तर पर गीले कचरे का निपटान, शोकपिट का निर्माण, कबाड़ से जुगाड़ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जनसामान्य को अवगत कराया गया। इस दौरान श्रीमती निर्मला सिंह, श्रीमती भुवनेश्वरी साहू जनपद सदस्य श्री मदन साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता के आयाम तथा प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार से ग्राम के बदलते परिवेश से अवगत कराया गया। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन से जनसमुदाय में अभूतपूर्व व्यवहार परिवर्तन हुआ है, पहले खुले में शौच एवं घरों से निकलने वाले कचरों को गली एवं नालियों में फेंका जाता था जिससे गांव में अत्यधिक कचरा दिखाई पड़ता था परंतु अब गांव-गांव साफ और सुंदर दिखने लगा है।

सेन समाज ने दीपावली मिलन में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे न फोड़ने का लिया संकल्प

रायपुर 28 अक्टूबर।छत्तीसगढ़ सर्वसेन समाज की राजधानी रायपुर के पदाधिकारी ने, अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति, के साथ मिलकर अभनपुर में स्थित दिव्यांग आश्रम में जाकर दीपावली मिलन सादगीपुर्ण मनाया गया, जिसमें प्रदूषण युक्त पटाखे ना फोड़ने का संकल्प लिया तथा चावल आटा के एवं गोबर तथा मिट्टी के बने हुए दिए का उपयोग करने के लिए सभी समाज जनों से अपील की गई, अधिक प्रदूषण होने के कारण श्वास, खांसी, दमा, नेत्र रोग, चर्म रोग ,फेफड़े संबंधी ,जैसे बीमारी से बचने के लिए प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लिया,/ उक्त पुनीत कार्य में जिला के अध्यक्ष डां मनोज ठाकुर, संरक्षक श्री नारायण प्रसाद सेन, अभनपुर के पदाधिकारी श्री धनराज सेन ,तोरला कटिया से द्वारिका सेन,डी आर ठाकुर, रमेश दाऊलाल श्रीवास, राधे श्याम श्रीवास, ईश्वरलाल सेन, दिलीप सेन,शिव सेन,विष्णु प्रसाद ,मोहन सेन ,ईश्वर प्रसाद सेन, रामजी सेन,अनिल ठाकुर सुशील सरेठे, हेमलाल सेन,नर्सिंग सेन,जीवनलाल पांडे, जीवित राम सेन ,सुशील कौशिक, श्यामा सेन, शांता श्रीवास, लता श्रीवास, शत्रुघ्न श्रीवास ,कमलेश श्रीवास,जीवीत,संतु,रवि,सतीष,दिनेश,पवन,दानीराम,दौलतराम सेन,आसकरण,नंदनी,इंद्राणी,सरोज,रानु,आलाराम,कमला ठाकूर, आदि सभी ने एक ध्वनि मत से पर्यावरण प्रदूषण को बचाने के लिए एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति परंपरा को बनाए रखने के लिए मिट्टी के, गोबर के, एवं चावल आटा, से बने हुए दिए के उपयोग करने की अपील की गई।। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।

मगरलोड थाना क्षेत्र में दो जगह पर जुआ खेलते 9 लोग पकड़े गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मगरलोड 28 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार मगरलोड पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लगातार जुआ ताश खेलने वाले जुआरियों के विरुद्ध की जा रही है वैधानिक कार्यवाही इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम मगरलोड में 4 एवं ग्राम बेलरदोना में 5 जुआरियों को जुआ खेल रहे 9 जुवारियों पर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई किया गया है पहली घटना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मगरलोड में ठाकुर घाट के पास कुछ लोगों के द्वारा जुआ खेलने की सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान ठाकुर घाट के पास घेराबंदी करके जुआ खेल रहे 4 जुआरी को पकड़ा गया, चारों आरोपियों के कब्जे से 2,590/-रू नगदी एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया, जुआरियों का नाम घुम्मन लाल साहू पिता स्व दुजराम उम्र 28 वर्ष,लोकेश पटेल पिता स्व किशुन उम्र 24 वर्ष,भेमचंद पिता बुध्ददेव निषाद उम्र 21 वर्ष, नूतन साहू पिता दुजराम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी मगरलोड दूसरी घटना ग्राम बेलरदोना के तालाब किनारे 5 जुआरियों को जुआ खेलते पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा,आरोपियों में अनुप कंवर पिता लीलाराम उम्र 32 वर्ष,रोहित सिन्हा पिता दुर्गा उम्र 23 वर्ष,मोहन साहू पिता ईशाराम उम्र 32 वर्ष,रोहित साहू पिता मनीराम उम्र 20 वर्ष ग्राम बेलरदोना, ईश साहू पिता खेमलाल उम्र 23 थाना मगरलोड,जिनके कब्जे से नगदी रकम 3500/ रू एवं 52 पत्ती जप्त कर मगरलोड थाना में धारा 03 (2) जुआ एक्ट के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, प्रआर.दीनू मारकंडे,आर.गोविंदा धृतलहरे,कुनाल साहू,नवीन टंडन, कीर्तन सोनकर,राजेन्द्र कतलम सैनिक खोमेन्द्र गायकवाड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजपा सरकार की नाकामी से कानून व्यवस्था चरमराई: कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से युवक गुरुचरण मंडल की हुई मौत व प्रदेश में लगातार बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था को लेकर 27 अक्टूबर रविवार को महावीर चौक पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का फूंका पुतला।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, प्रदेश अराजकता की स्थिति बन रही है, पुलिस अभिरक्षा में युवक गुरुचरण मंडल का पुलिस की प्रताड़ना से हुई मौत को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में महावीर चौक पर 27 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार की घटना हुई वह बड़े ही शर्मनाक बात है। 10 माह में ही इस भाजपा सरकार से आम जनमानस भयभीत व डरे सहमे हुए है। पहले बालौदा बाजार में आक्रोशित भीड़ व असामाजिक तत्वों ने जिला कार्यालय को फूका डाला था। जिसमें सरकार का खुफिया विभाग असफल साबित हुआ। क्रमशा इसके बाद कवर्धा में लोहारीडीह कांड में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। सरकार प्रदेशवासियों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। पूरे प्रदेश में भय, आतंक का माहौल बना हुआ है। लूट, डकैती लगातार बढ़ रही है जिससे पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदहाल हो गई है। कांग्रेस पार्टी लगातार भाजपा सरकार के नाकामी को उजागर करने के लिए विभिन्न माध्यमों से धरना-प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ बंद के द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधार करने के लिए प्रदेश भाजपा सरकार के उपर आक्रमक रूप अख्तियार करके लगातार विरोध कर रही है। लेकिन भाजपा के मुख्यमंत्री प्रशासन के कान में जू तक नहीं रेंगते। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें और गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाए।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश की भाजपा पर निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में प्रदेश में चारों ओर अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। आज बलरामपुर जिले में फिर एक और घटना पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से एक और मौत हो गयी। जिसके कारण पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ माहौल देखने को मिल रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश में अराजकता की स्थिति, महिलाओं के प्रति अपराध में वृद्धि, लूट डकैती व हत्या के मामले में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस कमेटी द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने व बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाये जाने तथा पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत के दोषियों पर कार्यवाही कर न्याय की मांग करते है। पुतला दहन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, चुम्मन साहू, तथागत पांडेय, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, चंद्रकला देवांगन, योगेन्द्र प्रताप, मोहनी सिन्हा, शरद खंडेलवाल, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, अब्बास खान, जितेश सिमनकर, प्रभात गुप्ता, गोवर्धन साहू, रहीम मेमन, भोला यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

राजनांदगांव पुलिस ने गुम हुए 66 मोबाइल को ढूंढ कर वापस किया

राजनांदगांव 28 अक्टूबर। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गुम मोबाईल के पतासाजी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 66 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाईल किमती लगभग 08 लाख रूपये को थाना सिटी कोतवाली पुलिस राजनांदगांव द्वारा ढुंढ कर बरामद किया गया। श्रीमान मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव द्वारा आज दिनांक 27.10.2024 को संवेदना कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में बरामद हुए सभी 66 नग मोबाईलों को प्रार्थीगणों को सुपूर्द किया गया है। इस दौरान श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव, श्री एमन साहू निरीक्षक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली राजनांदगांव एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रार्थीगणों को उनके गुम मोबाईल मिल जाने से जिला राजनांदगाव पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया। आगे भी गुम मोबाईल के पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली सीसीटीएनएस महिला आरक्षक रानू दुबे, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल की सराहनीय भुमिका रही।

संपादकीय

सेना के हमले का जवाब सेना का हमला

जियो पालिटिक्स में सबको अपने सम्मान की चिंता रहती है। कोई जो अपने सम्मान की रक्षा नहीं कर पाता है, उसे विश्व में कमजोर देश माना जाता है। इसलिए जब सम्मान पर बात आती है तो फिर देश वही करता है, जो उसके सम्मान की रक्षा के लिए कम से कम जरूरी हो।ईरान ने हमास,हिजबुल्लाह आतंकी संगठनों को यह बताने के लिए वह उनके साथ है और उनके लिए इजराइल से लड़ाई भी मोल ले सकता है। उनके लिए इजराइल पर हमला करने का खतरा भी मोल ले सकता है। ईरान ने एक अक्टूबर को दो सौ मिसाइल दागे थे और कहा था उसने बदला ले लिया है। यह संदेश हिजबुल्लाह के लिए था कि तुम पर हमला करने का बदला ईरान ने इजराइल पर दो सौ मिसाइल दागकर ले लिया है। अब तुम इत्मीनान रखो कि ईरान तुम्हारे साथ है। ईरान का हिजबुल्लाह को यह आश्वासन देना इसलिए जरूरी है कि उसका मनोबल न टूटे क्योंकि इजराइल के हमले में उसके बड़े नेता मारे गए है, गोला बारुद को बहुत नुकसान पहुंचा है, उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है। इसका परिणाम यह होना है कि हिजबुल्लाह इजराइल का मुकाबला देर तक नहीं कर पाएगा। वह अपने लड़ाकों को पैसा नहीं दे पाएगा तो लड़ाके उसके लिए लड़ना छोड़ देंगे। इजराइल ने हमास को इसी तरह सैन्य व आर्थिक रूप से कमजोर कर रहा है इससे वह लंबे समय तक इजराइल को फिर परेशान नहीं कर पाएगा। हमास की तरह हिजबुल्लाह को इजराइल हर तरह के कमजोर करने की रणनीति पर काम कर रहा है। यही ईरान को पसंद आ नहीं आ रहा है कि इजराइल उसके प्रभावी हथियार को निष्प्रभावी करता जा रहा है। इन्ही के भरोसे तो ईरान मुस्लिम देशों का नेता बना रहना चाहता है। इन्ही के जरिए तो वह विश्व के मुसलमानों को बताना चाहता है, हम अपने सबसे पवित्र धर्मस्थल को छुड़ाने के लिए धर्मयुध्द कर रहे हैं। ईरान के हमले का जवाब तो इजराइल को देरसबेर देना ही था। विश्व के देश इस बात का इंतजार कर रहे थे कि ईरान पर इजराइल हमला कब करेगा, कहां कहां करेगा, उसको कहां कहां कितना नुकसान पहुंचाएगा। एक अक्टूबर के बाद से मीडिया में इस तरह की खबरों की बाढ़ सी आ गई थी कि इजराइल आज हमला करेगा, इजराइल कल हमला करेगा। बीच में एक खबर यह भी आई कि इजराइल के हमले की रणनीति लीक हो गई है। यानी वह इजराइल पर कैसे हमला करेगा, कितना बड़ा हमला करेगा। इसके बाद भी इजराइल ने हमला नहीं किया तो माना गया कि इजराइल ने हमले की रणनीति लीक होने के कारण हमला नहीं किया है लेकिन वह ईरान पर हमला जरूर करेगा। अंतराष्ट्रीय स्तर पर सभी देश इस नियम का पालन करते हैं कि अगर किसी देश की सेना ने किसी देश पर किसी भी कारण से हमला किया है तो उस देश को उस देश की सेना यानी सैन्य ठिकानों पर हमला करने का अधिकार है। इस हिसाब से तो ईरान ने पहले इजराइल पर हमला किया था इसलिए अब ईरान पर हमला करने का अधिकार इजराइल के पास था। सब को हैरत इस बात पर थी कि इजराइल ईरान पर हमला करने में इतनी देरी क्यों कर रहा है। इजराइल के पास तो ऐसे ऐसे हथियार है कि वह अपने देश से ही ईरान पर जबरदस्त हमला कर उसे गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। इसके बाद भी इजराइल ने न तो हमले में जल्दी की और हमला किया भी तो वह इतना भयंकर हमला नहीं था कि ईरान को कोई बहुत ज्यादा नुकसान होता। इजराइल ने आखिर 26 अक्टूबर को हमला किया वह भी अपने जेट विमानों से। उसने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इससे ईरान को कोई खास नुकसान तो नहीं हुआ है और इजराइल ने अपने सम्मान की रक्षा कर ली है। अगर वह हमला नहीं करता तो माना जाता कि वह ईरान से डर गया है। इसलिए हमला करना तो जरूरी था, यह हमला भी ईरान के हमले की तरह एक औपचारिक हमला था यानी जिस तरह ईरान ने इजराइल पर हमला कर इजराइल को कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया उसी तरह इजराइल ने ईरान पर हमला कर उसे कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया। इसे दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मजबूरी में किया गया नियोजित हमला था यानी हमला करना भी था और नुकसान भी नही पहुंचाना था। ईरान ने ऐसा इसलिए किया कि वह जानता है कि इजराइल को वह जितना ज्यादा नुकसान पहुंचाएगा, इजराइल उसे उससे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। जहां तक इजराइल का सवाल है तो उसने ईरान को ज्यादा नुकसान इसलिए नहीं पहुंचाया कि ईरान ने उसे ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाया था, वहीं अमरीका भी नहीं चाहता था कि इजराइल ईरान पर हमला करके ऐसा कोई नुकसान करे कि उसका नुकसान अमरीका सहित विश्व को उठाना पड़े। इजराइल चाहता तो ईरान के तेल ठिकानों पर हमला कर उसको आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकता था, इसके परमाणु बम कार्यक्रम को नुकसान पहुंचा सकता था, लेकिन अमरीका के दवाब में व मध्य पूर्व में युध्द की न भड़के इसलिए इजराइल ने वैसा ही काम किया है जैसा काम ईरान ने किया है। दोनों ने अपने सम्मान की रक्षा के लिए एक दूसरे पर हमला किया. अब हिसाब बराबर हो गया है।

विश्लेषण | ललित गर्ग

धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निमार्ताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में ह्यपंथनिरपेक्षह्ल शब्द जोड़ा गया, लेकिन ह्यपन्थनिरपेक्षह्ल शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निमार्ताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दशार्ता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- ह्यधर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।ह्ल भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है।

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चचाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।ह्ल

इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- ह्यह्यजब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती।ह्लह्ल राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया।ह्ल लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं, अवधारणाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये हिदायत दी है।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनमें खुशी और आत्मबल बढ़ेगा। ऑफिस में अपने उचित कार्य प्रणाली से दूसरों के समक्ष सराहना का पात्र बनेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता ना हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा। आज आपकी हेल्थ फिट रहेगी। घर में सुख-सौभाग्य बना रहेगा। जीवनसाथी को आज आप उनके मनपसंद उपहार देंगें, इससे उनको बेहद प्रसन्नता होगी।

मिथुन राशि-आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से रिलेटेड कोई यादगार प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। बॉस को आज आपसे काफी उम्मीदें रहेंगी। पदोन्नती का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। आज आपकी तरक्की सुनिश्चित होगी।

कर्क राशि-आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फ्रूट्स खाएं। पिता बच्चों के साथ गेम्स खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज दांपत्य जीवन में पहले से चल रही अनबन समाप्त होगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य आसानी से पूरे होंगे।

सिंह राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जोकि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे। आज आप अपने आत्मविश्वास की कमी महसूस कर सकते हैं।

कन्या राशि-आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में भी समय बीत सकता है। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श कर सकते है। फीजूल की बातों से बचने की कोशिश करें, आवश्यकता पड़ने पर ही बोलें। आपको घर में भाई-बहन का सहयोग प्राप्त होगा, परिवार में सुख शांति बनी रहेंगी।

तुला राशि-आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यो को सीखने का करेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन ठीक रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगें। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगें जिससें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनकी आज समाज में काफी प्रशंसा होगी। परिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पिता की राय अपके भविष्य के लिए फायदेमंद

धनु राशि-कई दिनों से चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार के लोगों से मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। व्यापार को बढ़ाने के नये तरीके आपके सामने आयेंगें। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

मकर राशि-आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाए आज घर के कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद उपहार दे सकते हैं । आज कोई भी फैसला सोचङ्कसमझकर लें। किसी काम में जल्दवाजी करने से आपको बचना चाहिए। स्वास्थ पर आज आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

कुंभ राशि-आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा।

मीन राशि-आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम इमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासील होगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग है।

केवल राजनीति पर क्यों उठे सवाल...

अतुल मलिकराम

(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)

आज कल एक शब्द बड़ा प्रचलित हो चला है, जो आपने भी अक्सर सुना होगा, नेपोटिज्म, या हिंदी में कहें तो भाई-भतीजावाद । आज हर क्षेत्र और स्तर पर आपको इसका असर देखने को मिल जाएगा।लो कि ना इसआरोप से सबसे ज्यादा राजनीतिबदनाम है। हालाँकि ज्यादा दूर ना जाए ; आप अपने आस-पास ही देखें तो आपको इसके उदाहरण बड़ी आसानी से देखने को मिल जाएँगे।ऐसे में मेरे मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि जब यह चलन हर स्तर और हर क्षेत्र में हैं तो फिर क्यों इस आरोप से केवल राजनीति या राजनेता ही बदनाम हैं.....?

भले ही यह शब्द आजकल कुछ ज्यादा ही चलन में है।लेकिन यह प्रथा सालों से हमारे देश में है। तभी तो पुराने समय में राजा का बेटा राजा बनाता था और शिक्षक का बेटा शिक्षक। यह तो हमारी प्राचीन सभ्यता का सामाजिक चलन रहा है। आज भी एक व्यापारी अपनी अगली पीढ़ी को अपने व्यापर में ही शामिल करना चाहता हैया एक डॉक्टर अपनी संतान को भी डॉक्टर बनाने की चाह रखता है। यह एक सामान्य मनोविज्ञान है कि कोई व्यक्ति जिसने बड़ी मेहनत से किसी क्षेत्र में सफलता पाई, एक विरासत खड़ी की, वह इसे आगे बढ़ाने के लिए बेशक किसी परिचित और विश्वसनीय हाथों में सौपना चाहेगा। यह सामान्य इंसानी सोच है।आप भी मेरी इस बात से सहमत होंगे इसलिए हमें यह मान लेना चाहिए कि थोड़ा-बहुत नेपोटिज्म हम सबके अंदर भी है। लेकिन यह आपराधिक नहीं होना चाहिए।अगर आप बिना किसी योग्यता के अपने सगे सम्बन्धी को उच्च पद दे रहे हैंया अपनी पहचान के दम पर उसे आगे बढ़ने का कोई अवसर दिलवा रहे हैं, तो यह बिलकुल गलत है। इसका खुलकर विरोध होना चाहिए।

लेकिन आज के समय में राजनीतिइससेसबसे ज्यादा बदनामहै।हाँ इसका एक कारण यह हो सकता है कि राजनीति में भाई-भतीजावाद के उदाहरण बहुतायत में मिल जाते हैं। एक परिवार की कई पीढ़ियों के राजनीति में सक्रिय रहने के कारण यह हमारी सोच बन गई है और राजनीति को नेपोटिज्म का गढ़ मान लिया गया है। परंतु, अगर हम अन्य क्षेत्रों पर नजर डालें तो वहाँ भी स्थिति बहुत अलग नहीं है। मनोरंजन उद्योग में भी अक्सर देखा गया है कि फिल्मी हस्तियों के बच्चे आसानी से अवसर प्राप्त करते हैं। खेलों में, कई बार खिलाड़ी अपने परिवारिक संबंधों के आधार पर चयनित हो जाते हैं। व्यापार में, बड़े व्यापारिक घरानों के वारिस बिना किसी विशेष योग्यता के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हो जाते हैं। बस बात इतनी है कि इनमें से कुछ क्षेत्र छुपे हुए हैंया छोटे हैं, जहां लोगों का ध्यान नहीं जाता।लेकिन राजनीति का क्षेत्र हर किसी की नजर में है इसलिए इसके बारे में हमें पता चल जाता है।

यहाँ मैं भाई-भतीजावाद की पैरवी नहीं कर रहा हूँ, लेकिन केवल एक क्षेत्र विशेष को निशाना बनाने वाली विचारधारा का भी समर्थन नहीं करता हूँ। वैसे भी क्षेत्र कोई भी हो मैं योग्यता के आधार पर ही अवसर या पद मिलने का पक्षधर हूँ।लेकिन राजा का बेटा योग्य होने के बावजूद भी केवल भाई-भतीजावाद के आरोप के डर से राजा न बनें, यह भी अन्याय ही होगा।हमें यहाँ यह भी समझना होगा कि कोई चलन सही या गलत नहीं होता।गलत होती है उसके पीछे की सोच।कोई केवल अपना स्वार्थ देख रहा है और केवल अपनों के हित का सोच रहा है तो यह सरासर गलत है। लेकिन उस काम के पीछे देशऔर समाज का कल्याण और सद्भावना छुपी है तो यह गलत नहीं होगा।

इसी संदर्भ में, नेपोटिज्म एक ऐसी समस्या है जो समाज के हर क्षेत्र में मौजूद है। इसे केवल राजनीति से जोड़ना और अन्य क्षेत्रों को नजरअंदाज करना समस्या को और बढ़ावा देने जैसा है। क्योंकि जब हम भाई-भतीजावाद को केवल एक क्षेत्र तक सीमित कर देते हैं, तो हम इस महत्वपूर्ण मुद्दे की जड़ तक नहीं पहुँच पाते। हमें समझना होगा कि जब तक हम हर क्षेत्र में समान रूप से नेपोटिज्म के खिलाफ आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक इसका समाधान संभव नहीं है। समाज में योग्य व्यक्तियों को उचित अवसर देने के लिए हमें हर क्षेत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता को प्राथमिकता देनी होगी। इस प्रकार ही हम एक समतावादी और योग्यता-आधारित समाज की स्थापना कर सकते हैं।

राजनीति | तनवीर जाफरी

बिहार को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का कुत्सित प्रयास?

राजनैतिक यात्राओं से बिहार का गहरा नाता रहा है। भारतीय जनता पार्टी नेता लालकृष्ण आडवाणी ने जब सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा निकाली थी उस दौरान अयोध्या पहुँचने से पहले ही बिहार के समस्तीपुर में 22 अक्टूबर 1990 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया था। उस समय विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे। केंद्र में नेशनल फ्रंट की भाजपा के समर्थन से चलने वाली सरकार थी। अडवाणी की रथ यात्रा जहाँ जहाँ से गुजर रही थी वहाँ सांप्रदायिक माहौल खराब हो रहा था। कई जगह साम्प्रदायिक दंगे भी भड़क उठे थे। एक तरफ अडवाणी समर्थक पूरी यात्रा के दौरान जय श्रीराम और सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे जैसे नारे लगा रहे थे वहीँ दूसरी तरफ लालू यादव का मत था की इसतरह की यात्रा से देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। इस यात्रा का देश की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ा। भाजपा ने आडवाणी की गिरफ़्तारी के विरोध स्वरूप विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस ले लिया। दूसरी तरफ इस आंदोलन ने भाजपा में एक नई जान फूँक दी।

उसके बाद जनवरी 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस समय मणिपुर से मुंबई तक देश के 15 राज्यों के 110 जिलों की यात्रा पर थे उस दौरान उन्होंने भी बिहार में चार दिनों में 425 किलोमीटर की दूरी किशनगंज, पूर्णिया ,कटिहार व अररिया जैसे जिलों में की थी। इस यात्रा का नाम था 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'। इस यात्रा में राहुल समाज के सभी वर्गों को जोड़ने तथा समाज के शोषित वर्ग को न्याय दिलाने की बात किया करते थे। इसके अतिरिक्त भी बिहार की जो यात्रायें चर्चित रहीं उनमें विकासशील इंसान पार्टी (वी आई पी) प्रमुख मुकेश सहनी की निषाद संकल्प यात्रा , प्रशांत किशोर की जन सुराज यात्रा तथा सीपीआई-एमएल की न्याय यात्रा व तेजस्वी यादव की कार्यकर्त्ता संवाद यात्रा उल्लेखनीय है। परन्तु गत 18 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा जो ह्यहिंदू स्वाभिमान यात्राह्ल शुरू की गयी थी उसके तेवर,मकसद व नीयत सब कुछ विवादित था। यही वजह थी कि न केवल बीजेपी ने गिरिराज सिंह की इस यात्रा से खुद को अलग रखा बल्कि बिहार में बीजेपी की सत्ता सहयोगी जनता दाल यूनाइटेड ने भी इस यात्रा का विरोध किया। जिसके चलते गिरिराज सिंह को यह यात्रा 20 अक्टूबर को ही रोकनी पड़ी। परन्तु इस बीच भागलपुर से शुरू हुई उनकी यात्रा किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया होते हुये अररिया पहुँच चुकी थी। यह जिले सीमांचल क्षेत्र के जिले कहे जाते हैं। जहाँ मुसलमानों की घनी आबादी है। यह वही इलाके हैं जिनमें कई सीटों पर असदुद्दीन ओवैसी भी बड़ी उम्मीदें लेकर अपने उम्मीदवार तो जरूर खड़ा करते हैं परन्तु क्षेत्र के लोग उनके झांसे में भी नहीं आते।

सवाल यह है कि स्वयं केंद्रीय मंत्री होने तथा बिहार में भी भाजपा-जे डी यू गठबंधन की सरकार होने के बावजूद गिरिराज सिंह को राज्य में ह्यहिंदू स्वाभिमान यात्राह्ल निकालने की जरुरत क्यों महसूस हुई? ऐसा तो संभव नहीं है कि वह यात्रा की योजना बना रहे हों और उन्हीं की पार्टी को इस यात्रा की जानकारी न हो ? और यदि यात्रा शुरू हो ही चुकी थी तो किन कारणों से भाजपा ने इस यात्रा से अपना पल्ला झाड़ा और यात्रा निर्धारित समापन तिथि से पहले ही समाप्त कर दी गयी ? माना जा रहा है कि भाजपा अपने सहयोगी व बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती थी। क्योंकि जहां केंद्र में नीतीश कुमार के समर्थन से भाजपा की सरकार चल रही है वहीँ बिहार में भाजपा, नीतीश कुमार की जे डी यू-भाजपा सरकार में सहयोगी है। जाहिर है गिरिराज सिंह की यात्रा को लेकर भाजपा नीतीश कुमार से नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती थी। इस वजह से भी गिरिराज सिंह की यात्रा को पार्टी ने समर्थन भी नहीं दिया और यात्रा भी बीच में ही रुकवा दी।

परन्तु इस यात्रा के मकसद को लेकर कई तरह की चचाएं चल रही हैं। एक तो यह कि क्या यह यात्रा पड़ोसी राज्य झारखण्ड में 13 से 20 नवंबर के दौरान होने जा रहे विधान सभा चुनवों के मद्देनजर शुरू की गयी थी ताकि साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रभाव पड़ोसी राज्य के नाते झारखण्ड चुनाव पर पड़ सके ? या फिर 13 नवं

टिफिन बम और विस्फोटक के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर,28 अक्टूबर। बस्तर संभाग के सुकमा जिला अंतर्गत केरलापाल थाना क्षेत्र में दो नक्सलियों को टिफिन बम और विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर के सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वस्तुओं के साथ सामसेट्टी जाने वाले मार्ग पर घूम रहे हैं। इसकी तस्दीक हेतु थाना केरलापाल से जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी रवाना की गई। टीम द्वारा घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ करने पर अपना नाम कवासी हिड़मा पिता स्व. कवासी देवा मिलिशिया सदस्य एवं रेंज कमेटी अध्यक्ष उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम बगड़ेगुड़ा, कननपारा थाना केरलापाल एवं वंजाम देवा पिता वंजाम भीमा मिलिशिया सदस्य एवं रेंज कमेटी उपाध्यक्ष उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बगड़ेगुड़ा करकापारा थाना केरलापाल बताया। उन्होंने नक्सल संगठन में कार्य करने की बात भी कबूल की। पकड़े गए संदिग्ध युवक साथ में थैले रखे हुए थे। थैलों की तलाशी लेने पर 1 नग टिफिन बम वजनी 3 किग्रा, 3 नग बैटरी, 2 नग डेटोनेटर एवं 1 बंडल बिजली वायर बरामद किए गए। विस्फोटक सामग्री रखे जाने के संबंध गहन पूछताछ करने पर सुरक्षा बलों के आने-जाने वाले मार्ग में सुरक्षा बलों को नुकसाना पहुंचाने की नीयत से एवं मौके पाकर टिफिन बम को प्लांट करने की मंशा से रखना बताया। दोनों के खिलाफ केरलापाल थाने में धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए आज 27 अक्टूबर को न्यायालय में पेश कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।

एक नजर

दीपावली पर्व के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में निर्देश जारी

दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर । कार्यालय जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाले निर्देश मुख्यालय नगर सेना एवं अग्निशमन सेवा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त हुआ है। इस निर्देश के अनुसार आमजनो से अपील की गई है कि लोग लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदे, गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदना सुनिश्चित करें, साथ ही इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बडे मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी अवश्य निकट रखें। आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता देवें। क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड सकते है। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक वयस्क को साथ रखे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे है। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गये पटाखों का पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। एक बार में एक ही पटाखा जलाएं, आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचें। पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें, जिससे कि उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े।इसके अलावा घर के अंदर, खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे ना जलाएं। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते हैं। ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग ना करें, पटाखों को सूखी पत्तियों, गैस सिलेंडर या वाहनों जैसी वस्तुओं से दूर रखें। यदि कोई पटाखा जलने में विफल रहता है तो उसे पुनः जलाने का प्रयास ना करें, अपितु कुछ देर प्रतीक्षा करने के उपरांत उसका सुरक्षित रूप से निपटान करें। यह सुनिश्चित करें कि पटाखे ऐसे स्थानों में न जलाए जाए जो आग लगने की स्थिति में आपातकालीन निकास मार्ग को अवरूद्ध कर सकते हैं। पर्दो या ज्वलनशील पदार्थों को तेल के दीयों या मोमबत्तियों के समीप उपेक्षित ना छोड़े। किसी भी तरह की चोट लगने या जलने पर तुरन्त चिकित्सक की सलाह लें तथा उचित मार्गदर्शन के बिना घरेलू उपचार ना करें।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर । कार्यालय आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के अध्ययनरत शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि में अध्ययनरत् है ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही द्धह्लह्लश्च-//श्वशह्यह्लद्वड्डह्लह्लद्बष्×ह्यष्द्धशद्य-ड्डह्ल्द्धद्बश्च.ष्द्.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ/ वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। इस संबंध में विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 1 नवंबर से 31 दिसंबर 2024 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 1 नवंबर से 15 जनवरी 2025, सेक्शन ऑर्डर 1 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि के बाद शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन एवं ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक, सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होगें।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

जगदलपुर 28 अक्टूबर । जिला प्रशासन द्वारा 29 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ''रन फॉर यूनिटी'' का आयोजन किया जा रहा है. दौड़ मे स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षण संस्थाओं के बच्चे, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होमगार्ड के जवान, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल संघों के खिलाड़ी व पदाधिकारी भाग लेगें। ''रन फॉर यूनिटी'' दौड़ प्रातः 7.30 बजे दंतेश्वरी मंदिर परिसर से संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड होते हुए, बस्तर हाई स्कूल के सामने से, गोल बाजार चैक से मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। खेल विभाग ने ''रन फॉर यूनिटी'' के अवसर पर सभी से आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

निकटतम वारिसानों के लिए सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

महासमुंद, 28 अक्टूबर । कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त श्री विनय कुमार लंगेह ने मोटरयान अधिनियम के तहत टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फण्ड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिस के लिए सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम कसहीबाहरा (मौलीमुड़ा) निवासी श्री भुवनलाल रात्रे की मृत्यु होने पर उनके पुत्र श्री पावन कुमार रात्रे के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

बैठक में ब्राह्मण समाज की एकता पर बल

बीजापुर,28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रगतिशील ब्राह्मण समाज जिला बीजापुर की बैठक जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा की अध्यक्षता में भैरमगढ़ के राम मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के व्यक्तियों को संगठित करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा समाज की एकजुटता बढ़ाने पर बल दिया गया। जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि संगठन बनाने का मूल उद्देश्य समाज के लोगो को संगठित कर उनके हितो की रक्षा करना और अन्य समाज के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना है ब्राह्मण समाज में एकजुटता के अभाव में समाज पिछड़ता जा रहा है। जागरूकता अभियान के द्वारा समाज को एक जुट करने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए गांव-गांव तथा घर-घर जाकर लोगों को जोड़ा जाएगा। इसी तारतम्य में आज भैरमगढ़ में सदस्यता अभियान को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय राम मंदिर में बैठक रखी गई थी,जिसमे समाज के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया,तथा एक स्वर में समाज की एकता पर बल दिया,कई वृंद जन संगठन की आजीवन और वार्षिक सदस्य भी बने,उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर कृष्ण गोपाल तिवारी को भैरमगढ़ का क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना,उनके नेतृत्व में शीघ्र ही भैरमगढ़ के समस्त ब्राम्हण समाज के व्यक्तियो को संगठन से जोड़ा जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से श्री प्रभाकर राजा शर्मा,अतुलेश तिवारी,वृहस्पति आचार्य,अरुण शर्मा,राजेश मिश्रा,राजेश पांडेय,गोपाल मिश्रा,संजीव अवस्थी,शंकराचार्य तिवारी,रमाकांत पुनेठा,विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

दीपावली के मद्देनजर, खाद्य प्रतिष्ठान,बेकरी,होटलों,किराना दुकानों का औचक निरीक्षण,9 प्रतिष्ठानों को दिया नोटिस

दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर । कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी त्योहारों के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छ.ग. एवं कलेक्टर के आदेशानुसार के जिले के विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठान, बेकरी फर्म होटलों, किराना दुकानों विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।कार्यवाही के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल मिठाइयां, नमकीन, दूध, दही, पनीर, आटा, बेसन, सूजी, तेल, धी, बूंदी, मैदा आदि का नमूना जांच की गई। निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 114 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गये निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान 08 अमानक एवं 02 मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ मिलने पर तुरंत नष्ट करवाया गया तथा संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए गलती दोबारा पाये जाने पर लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान 09 व्यापारियों को नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया।इसके अलावा निरीक्षण के दौरान नमूना परीक्षण हेतु विधान होटल से कलाकंद, दन्तेश्वरी राजस्थान स्वीट्स से नारियल बर्फी, पूनम होटल से खोवा, आदर्श किराना बचेली से सिल्वर कॉइन मैदा, पवन स्वीट्स एण्ड नाश्ता सेन्टर से खोवा एवं अन्य मिष्ठान प्रतिष्ठान गुप्ता स्वीट्स, जे.एम.डी. स्वीट्स, राजस्थान बीकानेर स्वीट्स, बाबा होटल, देवभोग स्वीट्स, अम्बे बीकानेर स्वीट्स, भारती स्वीट्स, ममता स्वीट्स, जयगुरू होटल, बिकट जूस कॉर्नर एंड स्वीट्स, लखन होटल, पवन फुट एण्ड स्वीट्स से बेसन लड्डू रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, पेड़ा, खोवा, बर्फी, काजू कतली, कलाकंद, पनीर, बतासा, काजू कतली, मिठाई खोवा, मिल्क केक, नारियल बर्फी, मिक्सचर, नारियल लड्डू, बर्फी, बेसन लड्डू का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

सरपंच प्रीति सोनवानी को पद से हटाया गया

महासमुंद, 28 अक्टूबर। ग्राम पंचायत बागबाहराकला की सरपंच ''श्रीमती प्रीति सोनवानी'' को छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के अंतर्गत उनके कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में पद से हटा दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दंडाधिकारी बागबाहरा श्री उमेश साहू द्वारा दिए गए आदेशानुसार उन्हें अगले ''6 वर्षों के लिए किसी भी निर्वाचन में भाग लेने से भी निरर्हित'' कर दिया गया है। जारी आदेश में ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत बागबाहरा के रिपोर्ट के अनुसार, 17 जुलाई 2024 से प्रीति सोनवानी ग्राम पंचायत कार्यालय से लगातार अनुपस्थित थीं। ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण बैठकों 29 जुलाई, 13 अगस्त और 9 सितंबर 2024 में उनकी गैरमौजूदगी ने पंचायत के कार्यों को बाधित किया। पंचायत की ओर से बताया गया कि सरपंच और उनके पति बिना किसी पूर्व सूचना के अपने बच्चों को रिश्तेदार के घर छोड़कर कहीं चले गए। उनके मोबाइल फोन बंद होने के कारण उनसे संपर्क करना भी संभव नहीं हो पाया।

साप्ताहिक बाजार में कर की अवैध वसूली

सुकमा, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गादीरास साप्ताहिक बाजार में कर वसूली हो रही है दुकानदारों को 20 रुपये की पर्ची नगर पंचायत की ओर से दी जा रही है। सरपंच पति द्वारा वसूली की जा रही है। बिना टेण्डर प्रति 8000से 10000तक वसूल किया जा रहा है। पंचों को जानकारी नहीं है। पांच वर्षों से इसका लेखा-जोखा भी नहीं है। पंचायतों जबकि सुकमा साप्ताहिक बाजार में कर वसूली नहीं हो रही है। शासन के बिना आदेश साप्ताहिक बाजार में कर वसूली की जांच की जाए। व्यापारियों ने बताया है आदिवासी सौ रूपये की सब्जी लाते है उनसे भी 20 रुपये वसूली करते है। छोटे व्यापारी को भी नहीं छोड़ते है।

शिविर में 502 आवेदन मिले,371 का किया गया निराकरण

दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर । जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्राम पंचायतों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने की श्रृंखला में आज विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम समेली में शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर के जरिये समेली ग्राम के अलावा अन्य ग्राम जैसे पालनार, बुरगुम, रेवाली, पोटाली, अरनपुर, तनेली, नहाड़ी ग्रामों को कव्हर करते हुए यहां के निवासियों की मांगों समस्याओं शिकायतों को भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुना और निराकरण की आवश्यक पहल की। साथ ही दिए गए अन्य आवेदनों का भी संकलन करते हुए उसके निपटारे की समय सीमा भी तय किया गया।उक्त शिविर में भी जन्म, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बनाने हेतु ग्रामीणों का भारी हुजूम था। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुरूप राज्य शासन दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की समस्त योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फिर चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो अथवा किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान भारत योजना का क्रियान्वयन हो। ये सभी योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। अतः ग्रामीणजन इन सभी योजनाओं की जानकारी तथा इससे लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी अवश्य ले उन्होंने विभागो से भी आग्रह किया कि वे ग्रामीणों को इन योजनाओं की जानकारी देवें।

नियद नेल्लनार गांव मुलेर की महिलाओं केआजीविका वर्धन के लिए दी गई ट्रैक्टर ट्रालीशिविर में मुलेर की मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं को 15 लाख रुपये की लागत की ट्रैक्टर ट्राली प्रदाय की गई। इस ट्रेक्टर ट्राली में कृषि कार्य से संबंधित थ्रेसर, केटव्हील, रोटावेटर, मशीन भी थी। राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के तत्वाधान से दी गई इस ट्रैक्टर ट्राली को समूह की महिलाएं किराए पर कृषि कार्य एवं अन्य कार्य के लिए ग्रामीणों को देकर अपने आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाएगी।इसके साथ ही शिविर में कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्म के मसूर दाल के बीज भी दिए गए।इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन एवं महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई। साथ ही बाल संदर्भ षिविर के माध्यम से बच्चों का सुपोषण जांच किया गया,एवं कुछ कुपोषित बच्चों पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने की अनुशंसा भी की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को संक्रामक बचाव एवं उपचार संबंधी परामर्श सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग,गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन, स्वच्छता एवं साफ सफाई के समझाइश के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य जांच किया गया और मौसमी बीमारियों से पीड़ित ग्रामीणों को दवाइयां भी दी गई। इस शिविर में कुल 502 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 371 आवेदनों का मौके पर ही निराकृत किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पायके मरकाम,गांव की सरपंच सुकड़ी बाई सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम श्री कमल किशोर, जनपद पंचायत सीईओ श्री प्रतीक धुरधर, सहित अन्य विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन की शुद्ध धारा पहुंच गई अंदरूनी ग्रामों तक

दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर । ग्राम बड़ेहड़मामुंड़ा जिला मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर बसा गांव है। यह विकासखंड कुआकोंडा का ग्रामपंचायत गोंगपाल का आश्रित ग्राम है। यहां की कुल घरों की संख्या 105 और जनसंख्या है। ग्राम में मुख्यतः आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं जिनका दैनिक जीवन खेती और मजदूरी आजीविका पर निर्भर है। इस क्रम में ग्राम बड़ेहड़मामुंडा में कुल 4000 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 4 सोलर पंप के माध्यम से सभी 137 घरों और स्कूल, आश्रम और आंगनबाड़ियों में पेयजल की सुविधा पहुंचाई गई है।कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवम स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, निखिल कंवर के मार्गदर्शन में ग्राम बड़ेहड़मामुंडा में जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच श्री जोली राम ओयामी, सचिव श्रीमती लक्ष्मी मुड़ामी द्वारा रोजगार सहायक मुकेश कुमार ओयामी के संवादन से ग्राम बड़ेहड़मामुंडा को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। जल उत्सव में उपस्थित ग्रामीण जनों द्वारा प्रमाणीकरण के प्रस्तावों को हाथ उठाकर एक स्वर में सहमति दिया गया। ग्राम बड़ेहड़मामुंडा के प्रत्येक ग्रामीणों के अंतर्मन तक जल उत्सव का उल्लास भरा रहा। वहीं कुछ सियान और ग्रामीण इतनी बड़ी योजना का ग्राम तक आने और ग्रामीणों को योजना के संचालन की जिम्मेदारी से आश्चर्य और खुशी दोनों ही प्रकट कर रहे थे। हर्षित महिला ग्रामीण श्रीमती सुनीता नाग ने कहा कि हमने कभी सोचा ही नहीं था कि कभी हमारे गांव के घर आंगन में नल लगेगा और पीने का साफ पानी मिलेगा। पहले हम लोग हैंडपंप में दूर दूर तक पीने का पानी लाने जाते थे। हैंडपंप भी खराब हो जाने से पानी लेने दूसरे पारा जाना पड़ता था। मेरे घर सदस्य ज्यादा है इसलिए पानी भी ज्यादा भरना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन के आने से घर में ही साफ पानी मिल जाता है और हम गांव की महिलाएं बच्चों को स्कूल, आंगनवाड़ी भेज कर स्व सहायता समूह में ज्यादा समय काम करके आर्थिक आमदनी से स्वावलंबी हो रही हैं। पानी की घर बैठे मिल रही सुविधा से गांव की सब महिला बहुत खुश हैं।जल उत्सव कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आई एस ए जिला परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला ने जल जीवन मिशन के शुभारंभ हेतु सभी ग्रामीणों को बधाई देते हुए योजना के संचालन और निरंतरता हेतु जानकारी दिया। इसी क्रम में आईएसए जिला परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल जीवन मिशन योजना संचालन एवं प्रबंधन हेतु ग्राम जल स्वच्छता समिति, पानी व निगरानी समिति और प्लंबर के जिम्मेदारियों को बताया। इसी क्रम में जल गुणवत्ता जिला परियोजना समन्वयक अंकिता सिंह द्वारा जल गुणवत्ता जांच (एफटीके) के द्वारा पेयजल के जांच की विधियों की जानकारी देकर ऑनलाइन एंट्री करना सिखाया गया।

ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 दिसम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

महासमुंद 28 अक्टूबर । आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आई.टी.आई., नर्सिंग, डी.एड. एवं बी.एड. में अध्ययन कर रहें अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन https://postmatric-scholarsip.cg.nic.in वेबसाइट पर कर सकते हैं।आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 जनवरी 2025 तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय रहेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा विभाग दीपावली के मद्देनजर खाद्य पदार्थ जांच अभियान चला रहा

महासमुंद, 28 अक्टूबर । आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संकलित कर जांच की गई।

जिले के अलग-अलग विकासखण्डों में एसडीएम के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शंखनाद भोई एवं श्रीमती ज्योति भानु द्वारा निरीक्षण किया गया। चलित प्रयोगशाला की सहायता से मौके पर मिठाइयों की जांच की गई, जिसमें कुछ प्रतिष्ठानों पर अवमानक खाद्य पदार्थ पाए जाने पर उन्हें विनष्ट कर विक्रय से अलग कर दिया गया। इनमें सरायपाली में 08 और 22 अक्टूबर को खाद्य अधिकारी श्री शंखनाद भोई ने विभिन्न मिठाइयों जैसे मलाई पेड़ा, चमचम और खोवा तथा आटा का नमूना संकलित किया। चलित प्रयोगशाला द्वारा 37 मिठाइयों की जांच की गई, जिनमें 33 मानक और 4 अवमानक पाए गए। अवमानक मिठाइयों को मौके पर नष्ट किया गया। 23 अक्टूबर को बसना में पनीर के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए। 43 मिठाइयों की जांच की गई, जिनमें से 38 मानक और 5 अवमानक पाए गए। इसी तरह 14 अक्टूबर को बागबाहरा में जलेबी, कलाकंद, मलाई कतली, पेड़ा और घी के नमूने संकलित किए गए। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। 09 और 16 अक्टूबर को पिथौरा में जयश्री राम चावल, घी, चॉकलेट रोल, मगज लड्डू और रसगुल्ला के नमूने संकलित किए गए। 48 मिठाइयों की जांच में 46 मानक और 2 अवमानक पाए गए तथा 15, 23 और 25 अक्टूबर को महासमुंद में माउथ फ्रेशनर, बिस्किट, बालूशाही, घी और पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया गया। 52 मिठाइयों की जांच में 49 मानक और 3 अवमानक पाए गए। अक्टूबर 2024 में जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों से 27 नमूने संकलित कर रायपुर प्रयोगशाला भेजे गए। चलित प्रयोगशाला द्वारा'179 नमूनों की जांच की गई, जिनमें 165 मानक और 14 अवमानक पाए गए। अवमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कर विक्रय से हटा दिया गया।खाद्य अधिकारियों ने सभी प्रतिष्ठानों को खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग न करने और तले हुए खाद्य पदार्थों को अखबारी कागज में परोसने से बचने की सख्त हिदायत दी है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत भविष्य में शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है। इस जांच अभियान का उद्देश्य त्योहारी सीजन में नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है, जिससे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

एक नजर

दीपावली के पहले बच्चे जगह-जगह दिख रहे हैं सुवा नृत्य करते हुए

राजिम/फिंगेश्वर, 28 अक्टूबर। गरियाबंद जिला में दीपावली के आते ही बच्चों के द्वारा जगह जगह सुआ नृत्य किया जा रहा है,वहीं गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद में बच्चों द्वारा जगह-जगह सुआ नित्य किया जा रहा है।यह दीपावली के पर्व पर महिलाओं द्वारा गाया जाने वाला गीत है ।इस लोकगीत में स्त्रियां तोते के माध्यम से संदेश देते हुए गीत गाती हैं। इस गीत के जरिए स्त्रियां अपने मन की बात बताती हैं, इस विश्वास के साथ कि वह (सुवा) व्यथा उनके प्रिय तक पहुँचायेगा।इसका उपयोग गौरा-गौरी के विवाह उत्सव में करती हैं. इस नृत्य की दूसरी मान्यता यह है कि सुआ नृत्य की शुरुआत दीपावली के दिन से की जाती है, और ऐसा माना जाता है कि पूर्व में दीपावली तक किसानों के खेतों में से धान की फसल कट जाया करते थे,यह नृत्य, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है।सुआ नृत्य को तोता नृत्य भी कहा जाता है,यह नृत्य, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों से जुड़ा है,सुआ नृत्य में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजती हैं और अपने सिर पर घुंघरू बांधती हैं,सुआ नृत्य में, महिलाएं नर्तक एक तोते को बांस के बर्तन में रखती हैं और उसके चारों ओर एक चक्र बनाती हैं,सुआ नृत्य के दौरान गाए जाने वाले गीतों में जीवन की कठिनाइयों, प्रेम, विरह, और धार्मिक मान्यताओं की भावनाओं का वर्णन होता है।सुआ नृत्य की शुरुआत आमतौर पर शाम को होती है,सुआ नृत्य, दिवाली के अलावा छत्तीसगढ़ के कई सांस्कृतिक उत्सवों और कार्यक्रमों में किया जाता है,सुआ नृत्य की मान्यता है कि सुआ गीत नृत्य करने वाली महिलाएं गांव में किसानों के घर-घर जाती थीं और उन्हें उपहार स्वरूप पैसे या अनाज दिया जाता था।

सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपावली पर रंगोली बनाकर बच्चों ने दिए अहम संदेश

पत्थलगांव, 28 अक्टूबर। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुये यहा के सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव में कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों के लिए दीपावली के अवसर पर चित्रकला एवं कक्षा चौथी से बारहवी तक के विद्यार्थियों का शालेय दल के आधार पर दीपावली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि वेदानंद आर्या बी.आर.सी.सी,विशिष्ट अतिथि धनुराम यादव संकुल समन्वयक,नित्यानंद यादव सहायक शिक्षक शासकीय अंग्रेजी माध्यम मिडिल स्कूल पत्थलगांव थे,इस चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता की अध्यक्षता फा.सिलास टोप्पो उपप्राचार्य एवं नारायण बुरवाह के द्वारा किया गया,इस वर्ष रंगोली प्रतियोगिता निर्धारित वार्षिक उद्देश्य शांति और मेल-मिलाप की शिक्षा पर केन्द्रित था,इसी कड़ी में प्रकृति संरक्षणएबेटी बचाओ,पेड़ बचाओ जीवन बचाओ, पानी बचाओ जीवन बचाओ, अनेकता में एकता, आधुनिक संचार माध्यमों और तकनीकी चीजों का प्रभाव, दीवाली दीयों से सजा हमारा विद्यालय, दीपावली रंगोली,राष्ट्रीय पक्षी (मोर) और दुनिया को बदलने का सबसे शक्तिशाली हथियार शिक्षा आदि,इस रंगोली प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भव्य एवं सृजनात्मक रंगोली का परिचय दिया। चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारना,दीपावली में घरों की सजावट को सिखाना एवं लोगों में विभिन्न सामाजिक मूल्यों को उजागर करना था। स्कूल के प्राचार्य फा.सुनील खलखो ने कहा कि बच्चों में हुनर की कमी नहीं, बस उन्हें प्रोत्साहन और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। सभी बच्चों ने रंगोली के माध्यम से अनेक संदेश दिये। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चो को दीपावली की शुभकामनायें दी।

लिटिल रोज अंग्रेजी स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

पत्थलगांव, 28 अक्टूबर। यहा के लिटिल रोज सी.बी.एस.सी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ आगामी त्यौहार दीपावली को देखते हुये रंगोली एवं स्केच कंपटीशन का आयोजन किया गया,जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्री प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दिया में कलर किया, तो वही प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने स्केच के माध्यम से दीपावली त्यौहार के विभिन्न चित्रों को प्रदर्शित किया, तो अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर दीपावली पर्व के महत्व समझाया। विद्यालय में इन कंपटीशन के अतिरिक्त विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के प्रोजेक्ट का डेमो भी दिया गया एवं अपनी वैज्ञानिक सोच इन्होंने प्रदर्शित की। विद्यालय के संचालक डॉ पवन अग्रवाल द्वारा एवं प्राचार्य हेमंत यादव द्वारा सभी विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई दी गई। विद्यालय लिटिल रोज अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिवार सभी विद्यार्थियों एवं नगर वासियों को दीपावली पर्व की बधाई प्रदान करता है एवं यह आशा करता है कि दीपावली का यह पर्व सभी के जीवन में सुख एवं समृद्धि लेकर आए।

विकासखंड स्रोत समन्वयक ने किया विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 28 अक्टूबर। शिक्षा में कसावट लाने विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा द्वारा फिंगेश्वर विकासखंड के प्राथमिक शाला खुड़ियाडीह,हायर सेकंडरी स्कूल खुटेरी,मिडिल स्कूल बिजली एवं प्राथमिक शाला सुरसाबांधा स्कूल का निरीक्षण किया गया. इस दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,साफ-सफाई, अध्ययन अध्यापन, नियमित उपस्थिति,अपार आई डी, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम संबंधी जानकारी शाला प्रमुखों से ली.इस अवसर पर उन्होंने सभी शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता पूर्ण देने, जिन विषयों के परीक्षा परिणाम अपेक्षित रूप से कम आएं है उनके विषय शिक्षक को अतिरिक्त क्लास लेकर परिणाम में सुधार लाने की बात कही. वहीं सभी छात्र छात्राओं का आय, जाति एवं निवास प्रमाण बनाने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया ताकि कोई भी विद्यार्थी शासन से मिलने वाली योजना के लाभ से वंचित न हो. अब अपार आई डी पहली से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का बनाया जाना है इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर लेवें. वहीं सभी विद्यार्थी नियमित रूप से शाला में उपस्थित रहें इनके लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते रहें.वही लगातार अनुपस्थित रहने वाले एक विद्यार्थी को कलम देकर उन्हें नियमित रूप से शाला आने हेतु प्रेरित किया.संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बच्चों के शैक्षणिक क्रियाकलापों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा नैतिक, शारीरिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देंने हेतु प्रोत्साहित किया गया. ताकि बच्चे भविष्य में आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण कर सकें. इस मौके पर संकुल समन्वयक भुवन यदु, नरेश साहू,दशरथ वर्मा, प्राचार्य याचना जोशी, व्याख्याता संतोष ठाकुर, अनिल बर्रे, शिक्षक नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यदु

ऐतिहासिक स्थलों का मॉडल बना वीरू व विशाखा ने मारी बाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 28 अक्टूबर। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तर पर पीएमश्री स्कूलों में विद्या वैभव,डिजिटल क्वेस्ट,सोशल मीडिया के उपयोगिता गलत उपयोग के परिणाम को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने जैसे अनेक गतिविधियां जिला मे आयोजित की जा रही थी,जिसमें जिले के पीएमश्री स्कूलों के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के बीच कराया जाने वाली गतिविधियों के विधाओं में फेसबुक,यूट्यूब,इंस्टाग्राम,ट्विटर का पेंटिंग तैयार करना एवं विशेष टेक्निकल कार्य,जानकारी अपलोड करके शेयर करना,ऐतिहासिक स्थलों की खोज करते हुये पी.एम श्री प्रा शाला लवाकेरा की वीरू गुप्ता व विशाखा सिंह ने ऐतिहासिक फरसाबहार नागलोक,कोतेबिरा धाम पमशाला स्थित कंवर धाम का मॉडल बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये प्रतियोगिता मे जिला मे प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये दर्शकों का मन मोह लिया। वही दूसरे विधा डिजिटल क्वेस्ट मे कुमारी नम्रता शेखर सिंह ने पूरे जिले मे दूसरे स्थान प्राप्त कर पी.एम.श्री शाला का नाम रोशन किया। शाला की प्रधानपाठक अनुपमा हंसराज एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओ ने विजेता बच्चो को बधायी देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना करी। दरअसल यह कार्यक्रम बच्चो के समग्र विकास, वाद-विवाद की सोच को बढ़ावा, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेंगी और पीएमश्री स्कूलों में छात्रों के बीच नेतृत्व की भावना पैदा करेंगी। कार्यक्रम में जिले के 14 पीएमश्री स्कूल के 80 विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। जिला में उक्त कार्यक्रम कलेक्टर महोदय के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक,समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन अनुसार सफलतापूर्वक संचलित किया गया।

धान के व्यपवर्तन के कारण मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट की 8.50 करोड़ से अधिक की बैंक गारंटी राजसात

रायगढ़, 28 अक्टूबर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर राईस मिलर्स द्वारा उठाये गये धान के विरूद्ध अनुपातिक कम चावल जमा करने एवं विलंब करने जैसे लापरवाही पर लगातार खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा दो राईस मिलों की जांच में धान की कमी पाए जाने पर कलेक्टर श्री गोयल ने न्यायालयीन प्रकरण में मेसर्स मां दुर्गा फुड्स प्रोडक्ट पर 8.50 करोड़ से अधिक की जमा बैंक गारंटी की राशि को राजसात करने एवं काली सूची में शामिल करने हेतु आदेशित किया है। इसी तरह मेसर्स कुसमाण्डा राईस मिल को कस्टम मिलिंग का चावल कार्य प्रभावित करने को लेकर चेतावनी देते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल के द्वारा 6 अगस्त 2024 को खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत राईस मिल मेसर्स माँ दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट ग्राम कुरमापाली, रायगढ़ (अरवा यूनिट पंजीयन क्रमांक एमए 415728 एवं उसना यूनिट पंजीयन क्रमांक एमए 419492) की जांच किया गया।

बीईओ ने प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की बैठक ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 28 अक्टूबर। विकासखंड स्रोत समन्वयक केन्द्र फिंगेश्वर में विकासखंड फिंगेश्वर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक लेकर अपार आई डी, यू डाइस, आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य विषयो पर आवश्यक चर्चा किया गया. इस अवसर पर अपार आई डी के संदर्भ में जानकारी देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने बताया कि अपार जिसका अर्थ स्वचालित स्थाई शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री है.यह एक विशेष पहचान प्रणाली है जो भारत के सभी छात्रों के लिए डिजाइन की गई है. यह पहल भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एक राष्ट्र,एक छात्र आईडी कार्यक्रम का हिस्सा है जो 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपार आईडी को अकादमी बैंक आफ क्रेडिटस और डिजिटल लॉकर से जोड़ा गया है जो एक ऑनलाइन संग्रहण प्रणाली है.जहां छात्र सुरक्षित रूप से अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज परीक्षा परिणाम, और शैक्षिक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने आगे कहा कि शाला के सभी छात्र छात्राओं का आय, जाति निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ हो ताकि शासन से मिलने वाली लाभो से कोई भी छात्र वंचित न हो.साथ साथ शाला के दर्ज संख्या के अनुरूप बच्चों की संख्या यू डाइस पोर्टल में अपलोड करने हेतु निर्देशित किए.वही समग्र शिक्षा गरियाबंद प्रोग्रामर नदीम ने बताया कि अपार आईडी शाला में अध्ययनरत पहली से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का बनाया जाना है. अतःअपार आईडी बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को शाला की यू डाइस में दर्ज नाम के साथ आधार कार्ड में दिए गए नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि एवं स्पेलिंग को सही सही मिलान करने के पश्चात अपडेट करने के बाद ही अपार आई डी जनरेट होता है. साथ साथ उन्होंने कहा कि कितने विद्यार्थियों की अपार आई डी बना है एवं कितने लोगों का नहीं बना है व अपार आई डी जनरेट करते समय आ रही कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली.इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा,प्राचार्य एम. एल. कंवर,ललिता अग्रवाल,के. के. यदु,एस. एस. कंवर, के. एस. कंवर, पूरन लाल साहू,एम.आर. रात्रे,के. आर. निषाद, बी. आर. ध्रुव,नारायण निषाद, कमल पांडे,निरंजन तिवारी मनहरण लाल यदु,चैतन्य यदु,कुमान सिंह ध्रुव,ओम प्रकाश सिन्हा नरेंद्र यदु,वर्षा नेताम, सिंधु साहू, मेघा ठाकरे,संकुल समन्वयक भुवन यदु, पुराणिक ध्रुव, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र ठाकुर, संतोष साहू, सूखेन साहू डीहू रावत संतोष ठाकुर, अनिल बर्रे, मनीष देवांगन,चेतन गायकवाड़, नेतराम तारक विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय एवं आशासकीय विद्यालय के प्राचार्य, संकुल शिक्षक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

नालंदा परिसर निर्माण के लिए निगम,एनटीपीसी के बीच 42.56 करोड़ के एमओए पर हस्ताक्षर

रायगढ़, 28 अक्टूबर। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की उपस्थिति में रायगढ़ में नालंदा परिसर के निर्माण के लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42.56 करोड़ के मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि यह नालंदा परिसर हमारी नयी पीढ़ी के विकास और रायगढ़ को एजुकेशन हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ को विकास की न कार्यक्रम को श्रीमती पूनम सोलंकी व सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य श्री शेख सलीम नियारिया, श्री रमेश भगत, पार्षद श्री पंकज कंकरवाल, श्री सीनू राव, श्री महेश कंकरवाल, नारायण पटेल, श्री रूपचंद पटेल, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री उमेश अग्रवाल, श्री गुरपाल भल्ला, श्री सुरेश गोयल, श्री मुकेश जैन, श्री विकास केडिया, श्री सुरेश गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, निगम कमिश्नर श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, ईडी एनटीपीसी श्री अनिल कुमार, एचआर हेड श्री जाकिर खान एवं गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ऐसे आया नालंदा परिसर बनाने का विचार-जब 12 वीं पास कर के आगे की पढ़ाई के लिए भिलाई गया तो वहां मेडिकल और इंजीनियरिंग आईआईटी की तैयारी के लिए बहुत अच्छा माहौल था लेकिन सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए कोई माहौल नहीं था। वहां के बड़े बुक स्टोर्स में भी सिविल सर्विस के किताबों की किल्लत होती थी। गिनती की पुस्तकें मिलती थी। रायपुर में भी ढंग की बुक्स नहीं मिल पाती थी। फिर किताबें ढूंढने दिल्ली गया। वहां एक ही बुक डिपो में सारी किताबें मिल गई। जिससे एहसास हुआ कि यह एक बड़ा अंतर है कि सही किताबें और सही माहौल नहीं मिलने से हमारे प्रदेश में लोग सिविल सर्विस में सलेक्ट नहीं हो पाते हैं। इसके लिए जब कलेक्टर बना तो रायपुर में नालंदा परिसर की सोच को साकार किया। जिसका लाभ उठाकर आज सैकड़ों युवा सफलता के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

नवोदय में मिली असफलता से दूसरों के लिए बेहतर करने की सीख मिली-वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मैं नवोदय की प्रतियोगी परीक्षा में चयनित नहीं हो पाया था। उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाया तो तैयारी सही नहीं थी। आगे जब इस बारे में सोचा तो मेरा लगा कि जीवन में जिस कठिनाई का सामना किए हैं सक्षम होने पर उसका समाधान दूसरों के लिए खोजना चाहिए। दंतेवाड़ा में नन्हे परिंदें प्रोजेक्ट शुरू किया। यहां दूर दराज के बेहद गरीब परिवार और नक्सल प्रभावित परिवारों से बच्चे को सलेक्ट कर लाते थे। उनकी 5 वीं की तैयारी कर नवोदय और सैनिक स्कूल की तैयारी करवाया जाता था। आज कई बच्चे वहां से पढ़कर अपने जीवन में काफी अच्छा कर रहे हैं।

लाइब्रेरी में होगी ये सुविधाएं-नालंदा परिसर लाइब्रेरी 24/7 स्टडी जोन होगा। जहां 500 से अधिक बच्चे एक साथ पढ़ सकें यह सुविधा होगी। 25 हजार किताबों के संग्रह के साथ अंतराष्ट्रीय स्तर के ई-बुक एक्सेस करने की भी सुविधा होगी। तीन कॉन्फ्रेंस हाल के साथ कैफेटेरिया भी होगा। सिविल सर्विसेज के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट की तैयारी के साथ मैथ्स ओलिंपियाड के लिए भी किताबें यहां होगी। करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन होगा। 100 से अधिक कंप्यूटर के साथ इंटरनेट के लिए वाईफाई की सुविधा भी छात्रों को यहां मिलेगी। 5 वीं के बाद बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए तैयारी हेतु एक किड्स स्टडी जोन भी अलग से तैयार होगा। जहां उनके सिलेबस के अनुसार किताबें और स्टडी मटेरियल उपलब्ध रहेगा।

3 करोड़ से अधिक के 7 बीटी सड़क निर्माण का हुआ भूमिपूजन -वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने इसके साथ ही 3 करोड़ 1 लाख 96 हजार रुपये की लागत से 7 बीटी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसमें 34 लाख 97 हजार रूपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में तुलसी होटल से गांधी प्रतिमा एवं मालधक्का रोड तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 15 लाख 32 हजार रूपये की लागत से 15 वें वित्त से वार्ड क्रमांक 18 पोस्ट ऑफिस के पीछे ओम मोबाईल से सांसद निवास तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 45 लाख 58 हजार रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला स्कूल से पीपल पेड़ तक बीटी रोड़ निर्माण कार्य, 30 लाख रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 27 गुरूद्रोण स्कूल से शिशुपाल घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 49 लाख 33 हजार रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 46 उर्दना में मेन रोड से 6 वीं बटालियन ऑफिस तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 35 लाख रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 रियापारा चौक से संबरी स्प्रे पेंटिंग शॉप चांदमारी (रामपुर मेन रोड) तक बीटी रोड निर्माण कार्य तथा 88 लाख 76 हजार रुपये की लागत से 15 वें वित्त से वार्ड क्रमांक 26 एवं 27 जियो मार्ट के सामने से हाऊसिंग बोर्ड बिल्डिंग तक अतरमुड़ा रोड में बीटी सड़क निर्माण कार्य शामिल है।

इलमिडी मे आयोजित कबड्डी फाइनल में कासा राम को हराकर कोंडापल्ली विजेता बना

बीजापुर,28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।आज ग्राम पंचायत इलमिडी (कासाराम पारा) में दीपावली धमाका कबड्?डी प्रतियोगिता के फाइनल कबड्डी मैच के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने इलमिडी कसाराम पलटन और कोंडापल्ली के बीच फाइनल कबड्डी मैच में टास्क करके खेला का शुभारंभ किया इस कबड्डी मैच में कसाराम पलटन को हराकर कोंडापल्ली ने जीत हासिल किया वा विजेता टीम कोंडपल्ली को मुख्य अतिथि के द्वारा 20 हजार इनाम व ट्रॉफी एवं कसाराम पलटन को उपविजेता टीम को 10 हजार इनाम व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया उपाध्यक्ष जिला पंचायत कारम जी के सभी को संबोधित करते हुए विजेता टीम उपविजेता टीम सभी खिलाड़ी, आयोजक समिति के सदस्य वह ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिएइस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव श्री मनोज अवलम जी,जनपद सदस्य श्री शंकरैय माड़वी जी, ग्राम के सरपंच रामचंद्र बुरका ग्राम प्रमुख मरैया कड़ती, गोपाल बुरका, नारायण काकेम नागलू पुनेम समैया मढ़ी राजेश बुरका सरपंच सेमलडोडी किस्टा कट्टम लंकापल्ली सरपंच नारायण मोडीयम सत्यम वसंम रज्जैया पोडियम व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंधे कत्ल का खुलासा 18 घंटे में

बीजापुर,28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत बाजार शेड में हुए अंधे कत्ल का 18 घंटे में हुआ खुलासा, थाना बीजापुर की त्वरित कार्यवाही।थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत बाजार शेड में 01 बुजुर्ग का शव पड़े होने की सूचना थाना बीजापुर में दिनांक 26.10.2024 को शाम 05.00 बजे के आसपास प्राप्त हुई थी।रात्रि में ही एफ एस एल टीम दंतेवाड़ा से घटनास्थल का मुआयना कर आसपास उपस्थित कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया था एवं घटनास्थल के आसपास से मोबाइल टावर का टावर डंप एकत्र किया गया था।विवेचना दौरान हिरासत में लिए गए संदेहियों में से राकेश मोड़ियाम पिता स्व. आयतु मोड़ियाम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चेरकंटी हाल सब्जी बाजार बीजापुर ने अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि मृतक बोयदा राणा निवासी मूसालुर उसी के साथ बाजार शेड में रहता था जो उसी दिन दोपहर को आरोपी से मृतक का शराब सेवन के पश्चात विवाद, गाली गलौच हुआ था।आवेश में आकर आरोपी ने बांस डंडे से मृतक के सर में चोट पहुंचाकर मृतक की मृत्यु कारित करना स्वीकार किया है।प्रकरण में आरोपी राकेश मोड़ियाम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कुम्मामेटा के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़

बीजापुर,28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मावावाड़ा के जंगलों में माटवाड़ा एलओएस कमांडर अनिल पूनेम, हुंगा मड़काम एव अन्य 10-12 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।अभियान के दौरान हुए मुठभेड़ में बेलचर आरपीसी कमेटी सदस्य राकेश कुमार ओयाम पिता बीजा ओयाम उम्र 20 वर्ष निवासी मावावाड़ा थाना भैरमगढ़ घटनास्थल पर घायल अवस्था में मिला ।घायल माओवादी का बीजापुर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में बेहतर उपचार हेतु रिफर किया गया है।उक्त घायल माओवादी के विरुद्ध थाना जांगला, थाना भैरमगढ़ एवं थाना मिरतुर में 04 अपराध पूर्व से दर्ज है।घटना के संबंध में थाना भैरमगढ़ में अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जानकारी से पृथक से अवगत कराया जाएगा।

पहाड़ पर मिले युवक की लाश मामले में खुलासा केटीएम ड्यूक बाइक हड़पने के लिए की थी हत्या

रायगढ़, 28 अक्टूबर। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के कुशल दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर तमनार पुलिस ने गत दिनों केंदाडोंगरी पहाड पर मिले युवक की लाश मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर मामले का त्वरित रूप से पटाक्षेप किया गया है । एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने प्रेस कांफ्रेंस में घटना का खुलासा कर बताए कि तमनार पुलिस ने अज्ञात मृतक की शव की शिनाख्तगी कर मामले में मिले एक-एक साक्ष्य को जोड़ते हुए अज्ञात 3 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें एक नाबालिग है । आरोपियों ने मृतक की बाइक को हासिल करने के लिए उसकी हत्या करने की बात कबूल की गई है । तीनों आरोपियों को हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है ।

घटना का विवरण-थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत 20 अक्टूबर को ग्राम बांजीखोल जाने वाली केंदाडोंगरी पहाड में एक अज्ञात युवक का शव पडा मिला। सूचक ग्राम कोटवार भोजराम चौहान की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गयाए मृतक का शव लगभग तीन दृ चार दिन पूर्व का प्रतीत हो रहा थाए पंचनामा पर मृतक के पास से मिले ब्रेसलेट, चाबी, छिंटदार फूलशर्ट, नीला रंग का जींस पेंट प्लास्टिक चप्पल और मोबाइल नंबर लिखा हुआ एक कागज का टुकड़ा मिला जिसे सुरक्षित रख कर शव का कफन.दफन किया गया । प्रथम दृष्टिया मामला हत्या प्रतीत होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा मृतक की पहचान के लिए मृतक के फोटोग्राफ्स विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में शेयर कर जानकारी ली जा रही थी तथा मृतक के पास से कागज में नोट किया हुआ मोबाइल नंबर से जानकारी जुटाते हुए मृतक के परिजनों तक पहुंची। दूसरे ही दिन शव का उत्खन्न पश्चात ग्राम बिछिनारा नया रामपुर, घरघोडा निवासी श्यामलाल लोधा द्वारा अज्ञात मृतक की शिनाख्त अपने पुत्र टिकेश्वर लोधा ; उम्र 19 वर्ष के रूप में की गई । शव के पीएम रिपोर्ट से थाना तमनार में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 24 अक्टूबर को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

एक नजर

शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 6 होटल ढाबा, ठेला, चखना सेंटर संचालकों पर कार्रवाई

बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना पलारी एवं कसडोल की पुलिस टीम द्वारा शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 06 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। आरोपियों के नाम महेंद्र महिलांगे उम्र 31 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी, कमलेश धीवर उम्र 24 साल निवासी ग्राम दतान थाना पलारी, रमेश पटेल उम्र 37 साल निवासी ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी, कमल नारायण साहू उम्र 45 साल निवासी कसडोल थाना कसडोल, हरेंद्र पटेल उम्र 27 साल निवासी ग्राम असनींद थाना कसडोल, चंद्रशेखर सोनी उम्र 35 साल निवासी बलार रोड कसडोल थाना कसडोल है।

विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान किया जाए: कलेक्टर

बालोद, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी बैंकर्स को शासन के मंशानुरूप विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन हेतु समय पर मदद उपलब्ध हो सके। कलेक्टर चन्द्रवाल मंगलवार 22 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में उपस्थित बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर आर्थिक मदद उपलब्ध कराकर उनके भावी भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। जिसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा लोन से प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करना अत्यंत आवश्यक है।

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि के अंतर्गत विभिन्न घटकों का लाभ लेने एनएफडीपी पर पंजीकरण कराना अनिवार्य

बालोद, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने हेतु एन.एफडी.पी. पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि एन.एफडी.पी. का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिये कार्य आधारित पहचान के डाटाबेस का निर्माण कर उसके माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि एवं योजना के तहत् मत्स्य पालन अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीयन अनिवार्य होगा। उक्त कार्य अन्तर्गत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय के जुड़े सभी लोगो का पंजीयन च्वाईस सेंटर के माध्यम से किया जा सकता है। यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है तो सभी सदस्य का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा। पंजीयन के पश्चात् मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात् उनके बैंक खाते में 80 रूपये शासन की ओर से प्राप्त होंगें।

दीवाली से पहले लुभा रहा छतीसगढ़ी लोक सुआ नृत्य, घर-घर पहुंच रही बालिकाओं की टोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 28 अक्टूबर। अंचल में दीपावली पर्व के पूर्व छतीसगढ़ी लोक सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है नन्ही-नन्ही बालिकाएं घर-घर पहुंचकर सुआ गीत गाकर छतीसगढ़ी संस्कृति की छटा बिखेर रही है सुआ नृत्त मूलतः छत्तीसगढ़ राज्य के गोंड स्त्रियों का नृत्य गीत है। यह दीपावली के पर्व पर महिलाओं द्वारा गाया जाने वाला गीत है। सुआ का अर्थ होता है ÷तोता÷ सुआ एक पक्षी होता है जो रटी-रटायी बातों को बोलता व दोहराता है। इस लोकगीत में स्त्रियां तोते के माध्यम से संदेश देते हुए गीत गाती हैं। इस गीत के जरिए स्त्रियां अपने मन की बात बताती हैं, इस विश्वास के साथ कि वह (सुआ) व्यथा उनके प्रिय तक पहुँचायेगा। इसलिए इसको कभी-कभी वियोग गीत भी कहा जाता है। धान की कटाई के समय इस लोकगीत को बड़ी उत्साह के साथ गाया जाता है। इसमे शिव-पार्वती (गौरा-गौरी) का विवाह मनाया जाता है। मिट्टी के गौरा-गौरी बनाकर उसके चारो ओर घुम घूमकर सुआ गीत गाकर सुआ नृत्य करती हैं। कुछ जगहों पर मिट्टी के सुआ (तोते) बनाकर यह गीत गाया जाता है। यह दीपावली के कुछ दिन पूर्व ही आरम्भ होकर दीपावली के दिन शिव-पार्वती (गौरा-गौरी) के विवाह के साथ समाप्त होता है। यह श्रृंगार प्रधान गीत है। सालों से गाया जा रहा यह गीत मौखिक है। सुआ गीत में महिलाएं बाँस की टोकनी मे भरे धान के ऊपर सुआ अर्थात तोते कि प्रतिमा रख देती हैं और उनके चारो ओर वृत्ताकार स्थिति मे नाचती गाती हैं।

प्रेमिका बड़े सहज रुप से अपनी व्यथा को व्यक्त करती है। इसीलिये ये गीत मार्मिक होते हैं। छत्तीसगढ़ की प्रेमिकायें कितने बड़े कवि हैं ये गीत सुनने से पता चलता है। न जाने कितने सालों से ये गीत चले आ रहे हैं। ये गीत भी मौखिक ही चले आ रहे हैं।सुआ गीत हमेशा एक ही बोल से शुरु होता है और वह बोल हैं -तरी नरी नहा नरी नहा नरी ना ना रे सुअना और गीत के बीच-बीच में ये बोल दोहराई जाती हैं। गीत की गति तालियों के साथ आगे बढ़ती है।

एक सुआ गीत
तरी नरी नहा नरी नहा नरी ना ना रे सुअना..
कइसे के बन गे वो ह निरमोही
रे सुअना..
कोन बैरी राखे बिलमाय
चोंगी अस झोइला में जर- झर गेंव
रे सुअना
मन के लहर लहराय
देवारी के दिया म बरि-बरि जाहंव
रे सुअना
बाती संग जाहंव लपटाय

ऐसे गीत गाते हुए परंपरा रीति रिवाज को नन्ही नन्ही बालिकाएं द्वारा प्रस्तुत कर रहे हैं और घर घर जाकर त्यौहार मे रौनकता का प्रतीक बना हुआ है।

लवन में जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

आरोपियों ने छलपूर्वक 4 लाख रुपए रकम की थी धोखाधड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर। प्रार्थी संतोष कुमार ताम्रकार निवासी वार्ड क्र. 5 लवन द्वारा 24 अक्टूबर को थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि यह जमीन खरीदी बिक्री का काम करता है एवं ग्राम गिंदोला के शिवकुमार निराला को जानता पहचानता है। उसने ग्राम गिंदोला के कल्याण के सांथ मिलकर पूर्णानंद पटेल ग्राम गिंदोला के नाम पर दर्ज जमीन को फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति को छलपूर्वक पेश कर घोखाधडी करते हुए रकम ले लिया। आरोपियों द्वारा 18 व 19 जून 2024 को जमीन खरीदी बिक्री के नाम पर प्रार्थी से कुल 4 लाख रूपये ले लिया। रूपये वापस मांगने पर दोनों आरोपी अब बहाने बाजी कर रहे है तथा रुपये वापस नहीं कर रहे है। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 439/2024 धारा 419, 420, 467, 468 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में थाना लवन से प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान द्वारा त्वरित विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपीगण शिवकुमार निराला एवं कल्याण सिंह को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर उनके द्वारा जमीन खरीदी बिक्री के नाम पर प्रार्थी से 04 लाख रुपए की रकम लेना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 24.10.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम शिवकुमार निराला उम्र 27 साल निवासी ग्राम गिंदोला थाना लवन, कल्याण सिंह नवरंगे उम्र 68 साल निवासी ग्राम गिंदोला थाना लवन है।

समाचार संक्षेप

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 11 चालकों पर की गई कार्रवाई

बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे 26 अक्टूबर को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 11 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 11 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 04, यातायात कसडोल 01, यातायात भाटापारा 03 एवं थाना गिधपुरी द्वारा 03 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान हो रहे सड़क हादसों को रोकने जिला पुलिस की विशेष पहल

बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से सड़क मार्ग पर मॉर्निंग वॉक करने वाले एवं व्यायाम आदि करने वाले लोगों की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर मार कर भाग जाने अथवा एक्सीडेंट की सूचना मिलती रहती है। इसका मुख्य कारण लोगों का व्यस्त सड़क मार्ग में असावधानी पूर्वक चलना एवं अभी ठंड के समय में सड़क में कोहरे आदि का फैलना है। उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में मॉर्निंग वॉक एवं व्यायाम आदि करने वाले लोगों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत प्रातः 06:00 से 09:00 तक यातायात एवं थानों के बल द्वारा सड़क मार्ग में मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क के किनारे मॉर्निंग वॉक करने, सांथ ही सड़क में व्यायाम नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा लोगों से बातचीत करते हुए बताया गया कि सुबह सड़क मार्ग खाली होने एवं अपने गंतव्य तक जल्दी पहुंचने के चक्कर में कई वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं, ऐसे वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन साथ ही आप लोग भी सावधानी का पूरा ख्याल रखें। इसके साथ ही कई लोग जो काम की तलाश में अथवा बस, सवारी वाहन आदि की तलाश में रोड के किनारे बैठे रहते हैं, उन्हें सड़क से आवश्यक दूरी बनाकर सावधानीपूर्वक बैठने हेतु आवश्यक रूप से निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा सड़क मार्ग के किनारे स्थित पेड़ों पर वाहन चालकों को रात्रि, कोहरे एवं शाम के समय प्रदर्शित होने वाले रेडियम टिकली भी लगाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

- **लोगों को सुबह के समय सावधानीपूर्वक सड़क मार्ग के नीचे चलने, रोड में व्यायाम नहीं करने दी गई समझाइश**
- **सुबह काम पर जाने के लिए बस, सवारी गाड़ियों का इंतजार करते हुए रोड किनारे बैठने वाले लोगों को सड़क मार्ग से आवश्यक दूरी बनाकर बैठने किया निर्देशित**

शांति समिति की बैठक दीपावली में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर की गई चर्चा

सिमगा, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 25 अक्टूबर को सायं थाना सिमगा में दीपावली त्यौहार के संबध मे शांति समिती की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम सिमगा थाना प्रभारी सिमगा एवं सिमगा नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधीगण एवं सर्व समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में दीपावली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से नगर में आपसी सौहार्द एवं प्रेम पूर्वक दीपावली पर्व मनाने एवं नगर में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का वातावरण बनाए रखने में अपनी सहमति दी। बैठक में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, गणमान्य एवं प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में दीपावली पर्व पर नगर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए अपील की गई।

स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंची सिमगा थाना

- **थाना में होने वाले दैनिक कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की दी गई जानकारी**
- **छात्राओं को सायबर अपराध, नवीन कानून एवं यातायात के सबंध में भी दी गई विस्तृत जानकारी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 28 अक्टूबर। 26 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा की छात्राएं अपने शिक्षिकों के साथ थाना में होने वाले कार्यो की बेसिक जानकारी हेतु शैक्षणिक भ्रमण पर थाना सिमगा पहुचे। जिसमे थाना प्रभारी थाना सिमगा एवं थाना स्टाप द्वारा सभी छात्राओ को थाना प्रभारी कक्ष, मुंशी कक्ष, विवेचक कक्ष, महिला एवं पुरूष बंदी गृह दिखाया गया। सांथ ही सायबर सबंधी अपराध से बचने एवं जागरूक रहने, बैड टच, गुड टच, यातायात नियमो एवं नवीन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा से आये सभी छात्राएं काफी प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आएं। इस दौरान कई छात्राओं द्वारा पुलिस एवं न्यायालय संबंधी कार्य, विभिन्न अपराध में सजा आदि से संबंधित सवाल पूछे गए, जिसमें थाना स्टाफ द्वारा बहुत ही सरल रूप में जवाब देकर छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

अपोलो संयंत्र में मुख्य गेट पर रास्ता रोकने वाले गिरफ्तार

आरोपियों ने 25 सितम्बर को संयंत्र मुख्य गेट का रास्ता रोककर महत्वपूर्ण कार्य में किया था व्यवधान उत्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर। प्रार्थी अपोलो प्राइवेट लिमिटेड ग्राम रिंगनी हथबंद मेनगेट इंचार्ज द्वारा थाना हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 24 अक्टूबर को आरोपी मनमोहन यादव, शैलेंद्र यादव, रवि तिवारी सहित अन्य आरोपियों द्वारा अनाधिकृत रूप से संयंत्र मुख्य गेट का रास्ता रोककर एक अति महत्वपूर्ण कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्रमांक 178/2024 धारा 126(2), 191(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी मनमोहन यादव, रवि तिवारी सहित 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर, आवेश में संयंत्र मुख्य गेट का रास्ता रोकना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को उक्त धाराओं के तहत 25 अक्टूबर को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई है। आरोपियों के नाम मनमोहन यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर, शैलेंद्र यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर, कुलेश्वर यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर, बिसाहू राम यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मेड थाना सिटी कोतवाली, रवि तिवारी उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम केशदा थाना हथबंद है।

न्यायालय तहसीलदार (नजूल)
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्रमांक/.....
/ब-121 वर्ष 2023-2024
ग्राम- नेवरा प.ह.नं. 18

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेदकुमार नरसुमल कुकरेजा पिता श्री नरसुमल कुकरेजा निवासी वार्ड क्रं. 06 संत कंवर राम नेवरा तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि ग्राम नेवरा स्थित नजूल पट्टे से प्राप्त भूमि का खसरा नंबर 228 का भाग शीट नं. 05, रकबा 1800 वर्गफुट भूमि है। उक्त भूमि आवेदक को नजूल अधिकारी के द्वारा दिनांक 27.07.1994 को प्रदान किया गया है। उक्त पट्टे की वैधता तिथि 27.07.1994 से 31.03.2024 तक है। उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के जरिये प्राप्त किया है। उक्त नजूल पट्टे से प्राप्त भूमि को पुनः अपने नाम से नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया हैं। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा मे 08.11.2024 को नियत है।

इस संबध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
तिल्दा-नेवरा

न्यायालय तहसीलदार (नजूल)
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्रमांक /.....
/ब-121 वर्ष 2023-2024
ग्राम- नेवरा प.ह.न. 18

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार छत्तानी पिता श्री अशोक कुमार छत्तानी निवासी नेवरा तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि ग्राम नेवरा स्थित नजूल पट्टे से प्राप्त भूमि का खसरा नंबर 187/23, 230/1234 का कुल रकबा 820 वर्गफुट भूमि तथा शीट नं. 05 है। उक्त भूमि आवेदक को नजूल अधिकारी के द्वारा दिनांक 07.08.1994 को प्रदान किया गया है। उक्त पट्टे की वैधता तिथि 07.08.1994 से 31.03.2024 तक है। उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के जरिये प्राप्त किया है। उक्त नजूल पट्टे से प्राप्त भूमि को पुनः अपने नाम से नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया हैं। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा मे 08.11.2024 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
तिल्दा-नेवरा

मुख्यमंत्री जनदर्शन से कीर्ति को मिली खुशियों की सौगात

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बन नौनिहालों को ककहरा सीखा लिख रही कामयाबी की नई इबारत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर। मुख्यमंत्री जनदर्शन में लोगों की समस्या का त्वरित समाधान होने से इस कार्यक्रम के प्रति लोगों में भरोसा बढ़ते जा रहा है। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय स्वयं लोगों की समस्या सुनते हैं और त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को देते हैं।

इसी उम्मीद के सहारे अपनी समस्या लेकर कीर्ति सेन भी मुख्यमंत्री जनदर्शन में पहुंची और अपनी व्यथा मुख्यमंत्री को बताई। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री साय ने कीर्ति सेन को आस पास के गांव में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता के पद पर समायोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कुछ दिनों बाद ही कीर्ति सेन को अधिकारियों ने बतया कि उन्हें अपने गांव से करीब 8 किलोमीटर दूर गांव के आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता के रूप में समायोजित कर दिया गया है और उक्त आंगनबाडी में पद ग्रहण करना है। यह सुनते ही कीर्ति सेन की खुशी का ठिकाना न रहा।

कीर्ति ने माना कि मुख्यमंत्री ने सचमुच ही खुशियों की सौगात दे दी है। अब कीर्ति सेन गबौद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में नौनिहालों को ककहरा सिखाती हुई अपने परिवार की बेहतरी की ओर अग्रसर है और जीवन पथ को नया मोड़ दे रही है।

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम छेरकापुर निवासी श्रीमती कीर्ति सेन बताती हैं कि वर्ष 2017 से ग्राम छेरकापुर के आंगनबाड़ी में क्रेश कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही थी। पति रोजी- मजूदरी करते हैं। जीवन -यापन में कठिनाई हो रही थी।कुछ माह पहले ही मुझे मोबाइल पर सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इसे देखकर मुझे अपने समस्या के समाधान के लिए आशा की किरण दिखाई पड़ी।

मैंने अपने बेटे धीरज सेन के साथ जनदर्शन में रायपुर गई और मुख्यमंत्री जी के समक्ष अपनी समस्या रखी। मैंने बताया कि मैं अपने क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देना चाहती हूं, लेकिन अभी आंगनबाड़ी में केवल क्रेश कार्यकर्ता हूं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दिक्कत हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने मेरी बात को ध्यान से सुना और तुरंत मेरे आवेदन पर कार्रवाई की। उन्होंने मुझे ग्राम छेरकापुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में ग्राम गबौद में समायोजित करने का आदेश दिया। यह सुनकर मुझे अत्यंत खुशी हुई।

मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम ने न केवल मेरी बल्कि मेरे जैसे अनेक लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया है। यह कार्यक्रम वास्तव में आम जन के लिए बहुत लाभदायक साबित हो रहा है। इस तरह एक पहल ने मेरी ज़िंदगी में बड़ा बदलाव लाया है। मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े का दिल से धन्यवाद करती हूं।

एक नजर

नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख की ठगी

रायपुर, 28 अक्टूबर । जल संसाधन विभाग के सहायक ग्रेड 3 के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोरीश मसीह 32 वर्ष रविशंकर शुक्ल नगर कुकुरबेड़ा का रहने वाला है। प्रार्थी ने गंज थाना में शिकायत किया कि आरोपी भवानी शंकर तिवारी 40 वर्ष ने प्रार्थी को जल संसाधन विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपए ऐंठ लिया और नौकरी नहीं दिलवाया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग में खड़ी बाइक पार

रायपुर, 28 अक्टूबर। ऑटो एक्सचेंज बीएसएनएल पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चुरामन सिंह निर्मलकर 57 वर्ष शिवनगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीयू 8956 को ऑटो एक्सचेंज बीएसएनएल पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बिना लाइसेंस के पटाखा बेचते युवक पर हुई कार्रवाई

रायपुर, 28 अक्टूबर। विधानसभा पुलिस ने दोंदेखुर्द में दबिश देकर बिना लाइसेंस के फटाका बेचते एक युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हजारों रुपए का फटाका जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोंदेखुद में दबिश देकर फटाका दुकान संचालित करते आरोपी गोकुल छेतीजा 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 5470 रुपए का फटाका जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

21 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 28 अक्टूबर । राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर जुआ खेलते अलग-अलग थाना क्षेत्र में 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 19540 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामलीला चौक के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी परमजीत सिंह सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2830 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम घीवरा के पास दबिश देकर आरोपी मनीष वर्मा 35 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2250 रुपए जब्त किया है।

महिलाओं, बच्चों की यात्रा को सुरक्षित बनाने पर भारतीय रेल की सराहना

रायपुर 28 अक्टूबर। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। महिलाओं और बच्चों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने में भारतीय रेल के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने रेलवे को आश्वासन दिया है कि महिलाओं और बच्चों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के उसके प्रयासों में फंडिंग बाधा नहीं बनेगी। देशभर में रेल परिसरों में पाए जाने वाले कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक पहल में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से 25

अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली के रेल भवन में अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है। यह व्यापक एसओपी भारतीय रेल के संपर्क में आने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचे की रूपरेखा तैयार करती है।

मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने के दौरान, एमओडब्ल्यूसीडी के सचिव श्री अनिल मलिक ने उन्नत रेल स्टेशनों पर सीसीटीवी और चेहरा पहचान तकनीक स्थापित करने जैसे उपायों के माध्यम से किशोरों की सुरक्षा बढ़ाने की पहल के लिए भारतीय रेल की सराहना की। प्रतिदिन 2.3 करोड़ से अधिक लोग रेल से यात्रा करते हैं, जिनमें 30 प्रतिशत महिलाएं भी शामिल हैं- जिनमें से कई अकेले यात्रा करती हैं - ऐसे में कमजोर समूहों, विशेष रूप से किशोरों की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है, जो मानव तस्करों द्वारा शोषण का जोखिम उठाते हैं।

रायपुर 28 अक्टूबर। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने सदर बाजार, ब्राह्मण पारा वार्ड, कंकाली तालाब, धोबी गली से लेकर महंत पारा, धोबी पारा चौक और कंकाली मठ होते हुए महितोष चौक तक जनसंपर्क कर स्थानीय जन से मुलाकात की।

बकाया एरियर्स लेने संयुक्त ट्रेड यूनियन ने किया संयंत्र के सामने प्रदर्शन

रायपुर, 28 अक्टूबर । दिवाली का त्योहार के लिए दो से दिन बचे हुए हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को पहले ही महंगाई भत्ते का तोहफा दे दिया है। तो अब बीएसपी और सेल की सभी इकाइयों के कर्मचारी संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले 28 अक्टूबर को सुबह 5 बजे से बड़ी हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस हड़ताल में संयुक्त ट्रेड यूनियन के 8 यूनियन शामिल हैं। 11 ट्रेड यूनियन का संयंत्र के सभी गेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारी संख्या में पुलिस और सीआईएसएफ ने मोर्चा संभाला है। बता दें कि बीएसपी कर्मचारी अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। उसमें 2017 से प्रभावी वेतन समझौते, बकाया 39 माह के एरियर, ठेका कर्मचारियों को वेतन देने, ठेकाकर्मियों के ईएसआई की सीमा बढ़ाने, बोनस सहित अन्य कई मांग शामिल हैं। यह हड़ताल पूरे देश के स्टील प्लांट और खदानों में होगी। इसे सफल बनाने सुबह से ही सभी यूनियन के लोग पर्चे बांटकर माहौल बना दिया है। बता दें कि बीएसपी कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी और करीब 39 माह का बकाया एरियर को लेकर ये प्रदर्शन किया जा रहा है। हालांकि उनका कहना है कि दिवाली के मौके पर उनको भी बकाया ?एरियर का भुगतान किया जाना चाहिए। हड़ताल की तैयारी कर्मचारियों ने पहले से ही कर ली थी। अन्य कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए पर्चे भी बांटे गए थे।

मानसिक दिव्यांग बच्चों संग मनाई दिवाली

रायपुर 28 अक्टूबर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर , रायपुर ब्राइट फाउंडेशन एवं इक्टिटास डेवलपमेंट इनिशिएटिव ट्रस्ट द्वारा अश्वनी नगर स्थित मानसिक दिव्यांग बच्चों के आश्रम घरौंदा में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया आश्रम में निवास कर रहे बालक बालिकाओं को फटाखे, नाश्ता , दीप , वस्त्र , फिजिकल एक्सरसाइज की सायकल आदि उपहार में प्रदान किए गए इन उपहारों को प्राप्त कर सभी प्रसन्न हुए और अपने अपने अंदाजों से खुशी का इजहार करने लगे । इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष एन सी मोरियानी ने दीपावली पर्व के महत्त्व को बताते हुए कहा कि रौशनी का यह पर्व लोगों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लाती है, इस पावन अवसर पर आओ हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वयं के अन्दर की बुराई रूपी अँधेरे को इस दीपावली पर्व के रौशनी से हमेशा के लिए मिटाएँ । रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि हमारे त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द, एकता और हमारी रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी देते हैं। इसलिए इन त्योहारों को हमें सभी आपसी भेदभावों को मिटाकर

ओर एकजुट होकर मनाना चाहिए। इस अवसर पर सुभाष साहू , भरत डागा , अनघा करकशे, अंजली शितूत, सुषमा ध्रुव , ग्लासिका वर्मा , विद्यावन्ती कन्नौजे , बिहारी लाल शर्मा , चंपालाल साहू सहित मानसिक दिव्यांग केंद्र की मंजू शर्मा एवं उनके सहयोगी उपस्थित थे । इक्टिटास डेवलपमेंट इनिशिएटिव ट्रस्ट के सीएसआर चन्द्रशेखर साहू ने घरौंदा में निवासरत बालक बालिकाओं के द्वारा निर्मित दीपावली के लिए तैयार किए गए सजावटी सामान को उपस्थित सदस्यों को दिखाकर उन्हें खरीदी के लिए प्रोत्साहित करने पर सभी सदस्यों ने कुछ ना कुछ सामान खरीद कर संस्था को सहयोग प्रदान किया ।

राजेश अवस्थी सहित 9 व्यक्ति बने फिल्म विकास निगम एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य

रायपुर 28 अक्टूबर। लंबे समय से छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं की मांग को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष की घोषणा से पहले एक एडवाइजरी कमेटी बनाई है, जिसमें भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, फिल्म अभिनेता एवं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी को इस बोर्ड में सदस्य बनाया गया है, डॉ रमन सिंह के तृतीय कार्यकाल में राजेश अवस्थी को अंतिम महीने में फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया था उसके बाद भूपेश बघेल की सरकार में इस पर क्यों नियुक्ति नहीं हुई थी एवं फिल्म निर्माता द्वारा लंबे समय से पुनः मांग किए जाने पर विष्णु देव सरकार ने इस पर विचार कर नई नीति निर्धारण करने हेतु राजेश अवस्थी सहित 9

सदस्यों की यह कमेटी बनाई है। यह कमेटी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जो आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए इस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सरकार को देगी इसके बाद सरकार नए सुझाव को फिल्म नीति मे लागू कर फिल्म विकास निगम के कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु कार्य करेगा। राजेश अवस्थी छत्तीसगढ़ी एवं बॉलीवुड की फिल्मों में काफी लंबे समय से सक्रिय हैं एवं उन्होंने बतौर अभिनेता एवं लाइन प्रोड्यूसर बहुत सारे फिल्मों में एवं सीरियलों एवं वेब सीरीज में काम किया है एवं अन्य सदस्यों के अनुभव को देखते हुए यह निर्णय सरकार के द्वारा लिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया मेकाहारा का निरीक्षण

रायपुर 28 अक्टूबर। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज रायपुर के मेकाहारा अस्पताल का निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों से बात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री जायसवाल ने इस दौरान दंतेवाड़ा से आए मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने



अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों से भी बात कर उन्हें बेहतर काम करने और मरीजों की उचित देख देख करने के निर्देश दिए।

तीन सड़कों के विकास के लिए 194 करोड़ रुपए की मंजूरी

रायपुर 28 अक्टूबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से जशपुर जिले में लगातार आवागमन की सुगमता के लिए सड़क निर्माण के लिए पहल की जा रही है। सीएम साय की पहल पर जिले के तीन प्रमुख सड़कों के विकास के लिए 194.84 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, यह कदम जिले में आवागमन की सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।गौरतलब है की केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़कों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए की मंजूरी दी है।इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जायेंगे। जिसमें जशपुर जिले के बागबहार दृकोतबा सड़क खंड में 13.50 किलोमीटर के लिए 40.02 करोड़ एवं लुडेग दृतपकरा दृलवाकेरा सड़क खंड में 41 किलोमीटर के लिए 118.95 करोड़ और जशपुर आस्ता दृकुसमी सड़क खंड में 28 किलोमीटर लंबाई के लिए 35.87 करोड़ रुपए से मजबूतीकरण का कार्य शामिल हैं।इन सड़कों के निर्माण और मजबूतीकरण से न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि यह क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल से जिले के विकास में तेजी आई है। बेहतर सड़कों से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा, और स्थानीय निवासियों को भी लाभ होगा। सड़क निर्माण से न केवल यातायात में सुधार होगा, बल्कि यह पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा देगा।इस परियोजना का कार्यान्वयन जल्द ही शुरू होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा और विकास की नई राहें खुलेंगी।जशपुर जिले में सड़क विकास का यह कदम मुख्यमंत्री साय के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो स्थानीय लोगों के जीवन को सरल और सुलभ बनाने में सहायक साबित होगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26